आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2003/11926

जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

डाक पंजियन संख्या: जयपुर सिटी/005/2026-2028

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 23 : अंक 223 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | जयपुर, शनिवार, 16 मई, 2026 | www.Lokvarta.net

# पेट्रोल-डीजल हुए महंगे

## पेट्रोल-डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर हुए महंगे

## नई कीमतें लागू

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। वहीं कंपनियों को अभी भी पेट्रोल-डीजल पर 25-30 रूपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में सीएनजी भी रू 2 प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने होंगे।

**राहुल बोले- मोदी सरकार की गलती की कीमत जनता चुकाएगी** इस बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'गलती मोदी सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी।' उन्होंने आगे कहा कि 3 रुपए का झटका तो लग चुका है, बाकी की वसूली अभी किस्तों में की जाएगी। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार की गलतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।




**पड़ोसी देशों में बढ़े दाम, भारत में अब हुआ इजाफा** सरकार अब तक यह तर्क देती रही थी कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसके चलते पाकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 15% से 20% तक बढ़ गईं, लेकिन भारतीय उपभोक्ताओं पर इसका बोझ नहीं डाला गया। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मार्च 2024 से स्थिर बनी हुई थीं। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले सरकार ने कीमतों में 2 प्रति लीटर की कटौती कर जनता को राहत दी थी।

हालांकि, तकनीकी रूप से भारत में ईंधन की कीमतें विनियमित हैं और कंपनियां अंतरराष्ट्रीय क्रूड की 15 दिनों की औसत कीमत के आधार पर हर दिन रेट बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण इन्हें लंबे समय तक नहीं बदला गया।

## राजस्थान में पेट्रोल 109 रुपए लीटर से भी महंगा

### हर जिले में 3 रुपए से ज्यादा बढ़ी दरें

**जयपुर।** पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की रेट में बढ़ोतरी कर दी है। शुक्रवार से ही नई रेट लागू हो गई है। रेट बढ़ने के बाद राजधानी में जयपुर में पेट्रोल अब 107.97 रुपए प्रति लीटर हो गया है। वहीं, श्रीगंगानगर, बीकानेर और सवाई माधोपुर में पेट्रोल की नई कीमत 109.46 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई है। संभवत: ये राजस्थान में सबसे ज्यादा है। यहां डीजल भी अब 94.74 लीटर का हो गया है। इसके साथ ही प्रीमियर पेट्रोल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। इसमें 3.25 रुपए का इजाफा किया गया है। इससे पहले 20 मार्च को प्रीमियम पेट्रोल के दाम बढ़ाए गए थे। तब 2 रुपए 16 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। माना जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण रेट बढ़ाए गए हैं। जयपुर में पेट्रोल की कीमत में प्रति लीटर करीब 3 रुपए 25 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, डीजल 3 रुपए 2 पैसे बढ़कर कीमतों में अचानक हुई इस बढ़ोतरी के बाद आम लोगों, वाहन चालकों और ट्रांसपोर्ट सेक्टर से जुड़े कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मध्य पूर्व में तनाव लंबे समय तक जारी रहता है, तो आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

## संक्षिप्त खबरें



### चीन के साथ शानदार ट्रेड डील हुई, दोनों देशों को फायदा होगा-ट्रम्प


**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तीन दिन का चीन दौरा पूरा कर वापस रवाना हो गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अंतिम दौर की बातचीत की। दोनों नेताओं की यह बैठक बीजिंग के झोंगनानहाई परिसर में हुई। इसे चीन के शीर्ष नेतृत्व का सबसे सुरक्षित और गोपनीय सत्ता केंद्र माना जाता है। बैठक के बाद ट्रम्प ने बताया कि चीन के साथ शानदार ट्रेड डील हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से अमेरिका और चीन दोनों को फायदा होगा। ट्रम्प ने कहा, 'हमने कुछ शानदार समझौते किए हैं, जो दोनों देशों के लिए अच्छे हैं।' हालांकि उन्होंने इन समझौतों की ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की। रवाना होते वक्त ट्रम्प को बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। चीनी विदेश मंत्री वांग यी उन्हें एयरपोर्ट तक छोड़ने आए।

### सुप्रीम कोर्ट स्टाफ को 2 दिन का वर्क फ्रॉम होम, जज कार पूलिंग करके कोर्ट जाएंगे

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी की ईंधन बचत की अपील पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वर्किंग को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। अब कोर्ट के हर विभाग का स्टाफ दो दिन वर्क फ्रॉम होम पर रहेगा। सभी जज कार पूल करेंगे। रजिस्ट्री से जुड़ा 50 फीसदी स्टाफ भी घर से काम करेगा। सोमवार, शुक्रवार और मिसलेनियस डे ( जो दिन पहले से तय नहीं होते) पर लिस्ट मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी। इसके अलावा कोर्ट के अन्य वर्किंग डे में भी सुनवाई ऑनलाइन ही की जाएगी। कोर्ट ने रजिस्ट्री विभाग को निर्देश दिया है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक समय पर भेजें और टेक्निकल सपोर्ट हर समय उपलब्ध रहे, जिससे अदालत की कार्यवाही प्रभावित न हो। सुप्रीम कोर्ट सचिव जनरल भारत पराशर ने इस संबंध नें सर्कुलर जारी किया है। पीएम मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील का असर देश के राज्यों में भी दिखने लगा है। शुक्रवार को केरलम के सीएम बनने जा रहे वीडी सतीशन पद संभालने से पहले ही अपने काफिले में केवल तीन गाड़ियां रखने का फैसला किया है, जिसमें सिर्फ एक पायलट और एक एस्कॉर्ट वाहन चलेगा। एक दिन पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को एमएलसी शपथ ग्रहण समारोह के लिए बाइक से विधान भवन पहुंचे थे। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने पेट्रोल-डीजल की बचत के लिए नए आदेश जारी किए। अब दिल्ली में सरकारी कर्मचारी हफ्ते में 2 दिन 'वर्क फ्रॉम होम' करेंगे। 50% सरकारी बैठकें ऑनलाइन होंगी।

## भारत-यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई पर समझौता

### राष्ट्रपति अल नाहयान के साथ बैठक में फैसला



**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएईदौरे पर पहुंचे हैं। अबूधाबी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूएई एयरफोर्स के एफ-16 फाइटर जेट्स ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट किया।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर अहम समझौता हुआ। इसके अलावा स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व, रक्षा सहयोग और वडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर से जुड़े एमओयू भी साइन किए गए। यूएई ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान भी किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश और वेस्ट एशिया के हालात पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी का यूएई दौरा खत्म हो गया हैं। उनका यह दौरा केवल करीब 180 मिनट का था। इस दौरे में भारत और यूएई के बीच कई समझौतों पर सहमति बनी। इसमें एलपीजी सप्लाई और ऊर्जा समझौता सबसे अमह माना जा रहा है। इसके अलावा, पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बारे में भी बात हुई।



## मानसून 26 मई को केरलम पहुंचेगा

### देश के कई राज्य हीटवेव की चपेट में

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि मानसून केरलम में 26 मई को दस्तक दे सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, फिर देश के दूसरे हिस्सों को कवर करने के लिए उत्तर की ओर बढ़ता है। पिछले साल मानसून 24 मई को आया था। 2025 में सामान्य से 8% ज्यादा बारिश हुई थी। 30 सितंबर 2025 को मौसम विभाग ने बताया था कि पूरे देश में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश (937.2 मिमी) दर्ज की गई। आईएमडी चीफ मृत्युंजय महापात्रा ने इसे बहुत सफल सीजन बताया था। हालांकि देश के कई हिस्सों में अभी भी बारिश जारी है। यूपी में बुधवार को आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। उधर का देश का आधे से ज्यादा हिस्सा हीटवेव की चपेट में है। महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। महाराष्ट्र का अकोला 45.9 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

## नीट अगले साल से ऑनलाइन होगी

### इस साल रद्द हुई परीक्षा 21 जून को, यह पेपर-पेंसिल से होगी



**नई दिल्ली।** अगले सत्र से नीट-यूजी परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई नीट-यूजी-2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे। उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा, 'रीएग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे।' इससे पहले 3 मई को यह एग्जाम देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुई था। इसके लिए 5400 से ज्यादा एग्जाम सेंटर्स बनाए गए थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'राधाकृष्ण समिति की सिफारिशों का पालन करने के बावजूद यह उल्लंघन कैसे हुआ। ऐसे में सरकारी मशीनरी यह सुनिश्चित करेगी कि इस बार कोई अनियमितता न हो। मंत्री के रूप में, अभिभावक के रूप में, अधिकारी के रूप में हमें परीक्षा रद्द करने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें सुधारों के लिए कई सुझाव मिले हैं।

### नीट पेपर लीक में पुणे का केमेस्ट्री प्रोफेसर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में शुक्रवार को 8वीं गिरफ्तारी हुई। पुणे से केमेस्ट्री प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी आरोप है कि उन्होंने परीक्षा से पहले स्टूडेंट्स को सवाल और उनके सही जवाब बता दिए थे। सीबीआई कुलकर्णी को ही लीक मामले का मास्टरमाइंड बता रही है। जांच एजेंसी के मुताबिक कुलकर्णी लातूर का रहने वाला हैं। केमिस्ट्री का डोमेन एक्सपर्ट हैं। कई सालों तक नीट पेपर तैयार करने वाले पैनल का हिस्सा भी रहा हैं। कुलकर्णी को पेपर तक सीधी पहुंच थी। वह पुणे में अपने घर पर कोचिंग क्लास चलाता था। जहां वो पहले ही नीट पेपर में आने वाले सवालों का जवाब कैंडिडेट्स को बता देता था। 3 मई के पेपर से पहले अप्रैल के आखिरी हफ्ते में आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से कई स्टूडेंट्स लीक पेपर दिया।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज उन्नति की 5वीं बैठक

### मुख्यमंत्री की अभिनव पहल - राजस्थान यूनिफाइड नेटवर्क फॉर न्यू एक्शन (राज उन्नति)

## विकास कार्यों में देरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं,

### प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन एवं क्वालिटी सुनिश्चित करें अधिकारी-भजनलाल शर्मा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज उन्नति की पांचवी बैठक में 7 विभागों की लगभग 33 हजार 39 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि परियोजनाओं को तय समयसीमा में धरातल पर उतारकर आमजन तक उसका लाभ पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में लेटलतीफी ना करें तथा प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन एवं क्वालिटी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पूरे प्रदेश में कहीं पर भी आमजन को पानी की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी कलक्टर अपने जिले की पेयजल से जुड़ी शिकायतों का अतिशीघ्र निस्तारण करें।

**शीघ्र शुरू हो ई-बस, डिपो एवं चार्जिंग स्टेशन के काम को दें तेजी** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपील के अनुरूप राष्ट्रहित में ईंधन की बचत एवं ऊर्जा संरक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही शुरू की जाने वाली ई-बसों के संचालन से शहरों में प्रदूषण कम होगा। साथ ही, पेट्रोल एवं डीजल की भी बचत होगी। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र ई-बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने संबंधित शहरों में डिपो, चार्जिंग स्टेशन के कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि शहरी ट्रांसपोर्ट सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर और अलवर सहित प्रमुख शहरों में ई-बस संचालन किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री की ईंधन संयम की अपील पर मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला

## जयपुर में होने वाला ग्राम-2026 अब 23-25 मई को नहीं होगा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की खपत में संयम बरतने की अपील के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आगामी 23 से 25 मई तक जेईसीसी, जयपुर में प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम-2026) को कुछ समय के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का समझदारी से उपयोग करने का आग्रह किया है और सार्वजनिक परिवहन तथा कारपूलिंग अपनाने की सलाह दी है। इसे दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री ने ग्राम जैसे बड़े आयोजन को स्थगित करने का फैसला किया, क्योंकि इस आयोजन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में किसान तथा देश-विदेश से कृषि विशेषज्ञ और उद्यमी शामिल होने वाले थे। इस निर्णय से अतिथियों के आवागमन और लॉजिस्टिक्स परिवहन में लगने वाला ईंधन बचाया जा सकेगा।


## जनगणना 2027 - मकान सूचीकरण एवं मकान गणना की शुरुआत

### घर आने वाले जनगणना कर्मियों का करें सहयोग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य में जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानगणना) के अंतर्गत 'स्व गणना' का कार्य 1 मई, 2026 से 15 मई, 2026 तक सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है । इस प्रक्रिया में प्रदेश के लगभग 15 लाख परिवारों ने स्वयं अपनी सूचनाएँ दर्ज करने के विकल्प का उपयोग किया है । भारत में पहली बार मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल जनगणना की जा रही है। अधिसूचना के क्रम में, अब जनगणना का अगला चरण 16 मई से 14 जून तक संचालित किया जाएगा। जिसमें प्रगणक घर- घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे ।

जिन परिवारों ने स्व गणना की है, प्रगणक उनके द्वारा दी गई सूचनाओं की पुष्टि करेंगे एवं जिन परिवारों ने स्व गणना नहीं की है, उनसे प्रगणक सीधे प्रश्न पूछकर जानकारी पोर्टल पर दर्ज करेंगे। प्रगणक मकान की निर्माण सामग्री (फर्श, दीवार और छत),परिवार के मुखिया का विवरण, सदस्यों की कुल संख्या,पेयजल, प्रकाश, शौचालय और रसोईघर (एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन) की उपलब्धता एवं संपत्ति और सुविधाएं जैसे टेलीविजन, इंटरनेट, लैपटॉप, वाहन (साइकिल, कार आदि) उपयोग किया जाने वाला मुख्य अनाज , संपर्क हेतु मोबाइल नंबर के सम्बन्ध में 33 प्रश्न पूछेंगे। आर्थिकी एवं सांख्यिकी निदेशालय के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव विनेश सिंघवी ने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए घर आने वाले जनगणना कर्मियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें । नागरिकों से अपेक्षा है कि वे प्रगणकों को सही एवं स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराएं और उन्हें मकान या परिसर में प्रवेश की अनुमति दें ।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

संकट बढ़ गया तेल का, यह सब युद्ध का खेल
कब तक चलती व्यवस्था, सिस्टम होना ही था फेल
क्या-क्या दिखेंगे अब दिन, यह किसी को नहीं पता
ट्रंप को भी क्या कुछ बोले, सारी उसी की है खता

..मुखिया जी

CMYK

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संकल्प – हर नागरिक तक पहुंचे स्वास्थ्य सेवाएं

# पेलिएटिव केयर टीम बनी सहारा– दवा, उपचार और काउंसलिंग के माध्यम से गंभीर बीमारियों से पीड़ितों को मिल रही राहत

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में प्रदेश सरकार की होम बेस्ड पेलिएटिव केयर योजना गंभीर एवं असाध्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

इस योजना के माध्यम से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को घर पर ही चिकित्सा सुविधा, दवाइयां, मानसिक परामर्श एवं देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें राहत और आत्मबल मिल रहा है। इसी क्रम में चूरू जिले के राजगढ़ उपखंड क्षेत्र में गुलपुरा गांव के 54 वर्षीय सुभाषचंद्र लंबे समय से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त है। सुभाषचंद्र शरीर के बाएं भाग में लकवाग्रस्त होने के कारण बिस्तर से उठकर चल– फिरने में भी परेशानी महसूस करते हैं। इसके अलावा हृदय रोग व स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने के कारण सुभाषचंद्र चिकित्सा संस्थान तक भी नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसी परिस्थिति में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की पेलिएटिव केयर टीम सुभाष के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। विभाग द्वारा गठित टीम नियमित रूप से उनके घर पहुंचकर दवा, उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवा रही है।

सुभाषचंद्र की पत्नी माया बताती हैं कि उनकी असुविधा को देखते हुए चिकित्सा विभाग की टीम घर पर ही जांच, उपचार व दवा की सुविधा उपलब्ध करवा



रही है। इससे उन्हें बहुत संबल मिल रहा है। माया बताती हैं कि स्थानीय स्तर पर उप स्वास्थ्य केन्द्र से सीएचओ के द्वारा भी हर सप्ताह सुभाषचंद्र की जांच व उपचार करवाया जाता है।

## शांति भंग में तीन गिरफ्तार

**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जमवारामगढ़ थाना पुलिस ने गुरुवार देर शाम को तीन युवकों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 क्व्हस्स् के तहत शांति भंग में गिरफ्तार किया है। जमवारामगढ़ थाना हैड कांस्टेबल बाबूलाल गठाला ने बताया की गुरुवार शाम को थाना क्षेत्र के भानपुर कला गांव में झगडे की सूचना पर पुलिस जमवारामगढ़ थाना पुलिस ने हेमंत कुमार पुत्र बजरंग लाल मीणा उम्र 21 साल निवासी कानाराम पुत्र सहदेव गुर्जर उम्र 21 साल, अर्जुन लाल पुत्र राधेश्याम जागा उम्र 23 साल सभी आरोपी निवासी भानपुर कला पुलिस थाना जमवारामगढ़ को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 क्व्हस्स् के तहत शांति भंग में गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर

### नीट पेपर लीक मामले को लेकर एन एस यू आई व यूथ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका**



**जमवारामगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर जमवारामगढ़ में एन एस यू आई व यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार एवं एनटीए के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम का नेतृत्व एन एस यू आई जिला उपाध्यक्ष जयपुर ग्रामीण हनुमान सहाय खटाना ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हृश्वश्वञ्ज जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान विरोध प्रदर्शन में अतुल मानतवाल (राकेश) योगेंद्र गुर्जर, आकाश वर्मा, दिलखुश मीणा,अंकित वर्मा, नितिन व अविनाश, सहित हस्ड्ढ एवं यूथ कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने छात्रों के हित में संघर्ष जारी रखने की बात कही।

### ग्राम रथ अभियानः राज्य सरकार का संकल्प, पात्र को मिले योजनाओं का लाभ

**खैरथल (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में उत्साहपूर्ण और




आकर्षक कार्यक्रम हुए। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए योजनाओं की जानकारी लेने के साथ.साथ इनका लाभ भी लिया जा रहा है। 15 मई को किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के तितरका, फैजपुर, खोजा का बास, हुसैपुर, कुटियापुर और मुंडावर विधानसभा के देहलावास, जालपिवास, टेहडकी, टेहडका, सबलगढ़ तिजारा विधानसभा के नानगहेड़ी, ग़ैलपुर, लाडमका, खोहरीकलां, पथरेड़ी गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामदयाल ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों ने गीत, भजन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने जहां ग्रामीणों का मनोरंजन कियाए वहीं योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को भी सरल भाषा में समझाया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शिका एवं प्रचार सामग्री वितरित कर उन्हें जागरूक किया। ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्राम रथ के साथ विशेष सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव और फीडबैक दर्ज कराए। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुँचाकर उसे लाभ से जोडना है।

### ग्राम रथ अभियान - किसानों के लिए वरदान बनी कृषि विभाग की योजनाएं

**टोंक (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव–गांव, ढाणी–ढाणी तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को मालपुरा विधानसभा की ग्राम पंचायत चबराना व कलमण्डा, निवाई–पीपलू विधानसभा की ग्राम पंचायत पासरोटिया व कुरेड़ी एवं देवली–उनियारा विधानसभा की ग्राम पंचायत गावडी, राजमहल नयागांव व बीसलपुर में ग्राम रथ अभियान के तहत कला जत्था द्वारा लोगों को योजनाओं के बारे में बताया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जिले में आयोजित हो रहे ग्राम रथ अभियान ग्रामीणों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। इस अभियान में जहां एक ओर ग्रामीणों सहित आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो रही है, वहीं दूसरी ओर उन्हें इन योजनाओं का मौके पर ही लाभ मिल रहा है। लाभ मिलने पर लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री और राजस्थान सरकार का आभार जताया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा सुरक्षित खेत, समृद्ध किसान के संकल्प के साथ तारबंदी योजना पीपलू क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। ग्राम पंचायत पासरोटिया के किसान रामकरण ने बताया कि खेत के चारों और बाड़ नही होने के कारण आवारा पशुओं के कारण मेरी फसल खराब हो जाती थी। स्थानीय पर्यवेक्षक ने मुझे तारबंदी योजना के बारे में बताकर आवेदन करवाया। कुछ ही दिनों बाद प्रशासनिक प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद मेने अपने खेत के चारों तरफ तारबंदी करवा दी। मुझे अनुदान राशि के रुप में 40 हजार रुपए मिले। इससे मुझ पर आर्थिक भार भी कम हुआ। आज मैं अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंता मुक्त हो गया हूं।

### नई धानमंडी में बारदाने का संकटःसांसद कुलदीप इंदौरा ने सरकार को घेरा

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** श्रीगंगानगर सांसद कुलदीप इंदौरा ने नई धानमंडी में गेहूं की सरकारी खरीद के दौरान आ रही अव्यवस्थाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। सांसद ने आरोप लगाया कि मंडी में बारदाने की भारी कमी के कारण सरकारी खरीद की प्रक्रिया ठप होने के कगार पर है, जिससे किसानों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंदौरा ने कहा कि एक तरफ किसान अपनी मेहनत की फसल लेकर मंडियों में पहुंच रहा है, वहीं दूसरी तरफ सरकार और प्रशासन के कुप्रबंधन के कारण उसे हफ्तों तक इंतजार करना पड़ रहा है। बारदाने की कमी न केवल खरीद में देरी कर रही है, बल्कि इससे किसानों के भुगतान में भी विलंब हो रहा है। सांसद ने कहा कि अन्नदाता पहले ही मौसम की मार झेल रहा है, अब सरकारी लापरवाही उनके सब्र का इम्तिहान न ले। तुरंत पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था कर सरकार खरीद सुचारू करे। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि चुनाव की व्यस्तताओं से इतर किसानों की इस मूलभूत समस्या का तुरंत समाधान किया जाए ताकि उनकी फसल का एक–एक दाना समय पर खरीदा जा सके।

## ग्राम रथ अभियान 2026

### 16 मई को विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न गांवों में जायेंगे प्रचार रथ

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों से संबधित योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए ग्राम रथ अभियान द्वारा जिले की छः विधानसभाओं में एलईडी वैन द्वारा विभिन्न गांवों में जाकर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है।

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि 16 मई को रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के 9 एलपीएम–ए (6/8 एलपीएम), अमरसर (भोमपुरा), सूरतगढ विधानसभा के रामपुरा न्यौला, निरवाना, श्रीकरणपुर विधानसभा के 2 एक्स, 42 एच, अनूपगढ विधानसभा के 2 आरकेएम, 7 एमएलडी, श्रीगंगानगर विधानसभा के महियावाली, 9 एम एल, सादुलशहर विधानसभा के खाटसजवार, छापांवाली गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जायेगा।

## निरवाना में नशा मुक्ति जनजागरण कार्यक्रम आयोजित

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव एवं जिला पुलिस अधीक्षक हरीशंकर के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत ग्राम पंचायत निरवाना में नशा मुक्ति रात्रि जन–जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव उपस्थित थे। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिला प्रशासन आपके बीच खड़ा है, लेकिन इस लड़ाई की असली ताकत आप हैं।

आपका सहयोग ही श्रीगंगानगर को नशा मुक्त बना सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने दोस्तों, परिवार तथा समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से विक्रम ज्याणी व



उनकी टीम सहीराम, लक्ष्या ज्याणी ने नाटक के माध्यम से नशे के कारण बर्बाद होते परिवारों और उजड़ते भविष्य की सच्चाई को जीवंत किया। कार्यक्रम में उपस्थित आमजन ने हाथ उठाकर यह विश्वास दिलाया कि वे इस जंग में एकजुट हैं और जीवन में कभी भी नशा नहीं करेंगे।

यह सिर्फ एक शपथ नहीं थी, बल्कि एक सामूहिक संकल्प था–अपने गांव, अपने परिवार और आने वाली पीढ़ी को बचाने का।

# जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्यवाही के दिए निर्देश

## जिला विस्थापन समिति की बैठक आयोजित

**रणथम्भौर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के विस्थापन एवं पुनर्वास प्रकरणों की हुई समीक्षा**

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता एवं उप वन संरक्षक रणथम्भौर बाघ परियोजना मानस सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विस्थापन समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में रणथम्भौर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट अंतर्गत आने वाले गांवों के विस्थापन, पुनर्वास एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में समिति द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।

**विस्थापन एवं पुनर्वास प्रकरणों पर हुई चर्चाः** बैठक में तहसील सवाई माधोपुर एवं खण्डार क्षेत्र के विभिन्न गांवों के विस्थापन से संबंधित प्रकरणों, सहमति पत्र, भूमि पैकेज एवं



पुनर्वास प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा कर विस्थापित परिवारों को भूमि आवंटन, राजस्व रिकॉर्ड अद्यतन करने एवं पुनर्वास कार्यों में आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

**21 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के सर्वे एवं पात्रता पर समीक्षाः** बैठक में रणथम्भौर बाघ परियोजना के अंतर्गत विस्थापित गांवों के ऐसे युवाओं के सर्वे एवं पात्रता संबंधी मामलों पर भी चर्चा की, जिन्होंने 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र व्यक्तियों का नियमानुसार सर्वे एवं परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

**भूमि पैकेज एवं राजस्व रिकॉर्ड संबंधी प्रकरणों पर जोरः** जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि विस्थापन से संबंधित लंबित प्रकरणों का विभागीय समन्वय के साथ समयबद्ध निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि विस्थापित परिवारों को नियमानुसार लाभ उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही चारागाह, सिवायचक एवं अन्य भूमि को वन विभाग के नाम दर्ज करने से संबंधित प्रकरणों पर भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम गौरव मित्तल, उप वन संरक्षक विष्णु गुप्ता, क्षेत्रीय वन अधिकारी लक्ष्मीकांत सहित राजस्व विभाग, चिकित्सा, विद्युत, जलदाय, सार्वजनिक निर्माण, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मनरेगा की जगह लेगा 'विकसित भारत-जी राम जी' अधिनियम ग्रामीण रोजगार की नई इबारत

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था 1 जुलाई 2026 से एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित 'विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी–ग्राम जी अधिनियम, 2025 लागू होते ही मनरेगा समाप्त हो जाएगा। सरकार का कहना है कि नया कानून केवल रोजगार गारंटी नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण और विकसित भारत /2047 के लक्ष्य को गति देने का माध्यम बनेगा। नए अधिनियम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता रोजगार गारंटी में वृद्धि है। अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का वैधानिक रोजगार मिलेगा। इससे ग्रामीण मजदूर परिवारों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है, खासकर उन इलाकों में जहां खेती पर निर्भरता अधिक है और साल के कई महीनों तक रोजगार के अवसर सीमित रहते हैं। जिन परिवारों के पास पहले से मनरेगा जॉब कार्ड हैं और जिनका ई–केवाईसी पूरा हो चुका है, उन्हें तुरंत किसी नई प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। नए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होने तक पुराने कार्ड मान्य रहेंगे। कानून के अनुसार, रोजगार की मांग करने के 15 दिनों के भीतर काम देना अनिवार्य होगा। यदि प्रशासन ऐसा करने में विफल रहता है, तो श्रमिक बेरोजगारी भत्ते के हकदार होंगे। पहले 30 दिनों तक अधिसूचित मजदूरी का कम से कम एक–चौथाई और उसके बाद आधी मजदूरी का भुगतान करना होगा। मजदूरी सीधे श्रमिकों के बैंक या डाकघर खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। भुगतान में देरी होने पर प्रतिदिन 0.05 प्रतिशत मुआवजा देने का प्रावधान सरकार की जवाबदेही को और मजबूत बनाता है। इससे ग्रामीण श्रमिकों की लंबे समय से चली आ रही भुगतान विलंब की शिकायतों में कमी आने की उम्मीद है।

## अब तक जिले में 1828 बच्चियां हुई टीकाकृत

# एचपीवी वैक्सीनेशन महाभियान : 71 सैशन आयोजित, 539 बच्चियों ने करवाया टीकाकरण

**हनुमानगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार 15 मई को जिलेभर में आयोजित एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण विशेष अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अभियान के तहत जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को लक्षित करते हुए व्यापक स्तर पर टीकाकरण किया गया।

जिले में शुक्रवार को 539 बच्चियों ने एचपीवी वैक्सीनेशन करवाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलेभर में बनाए गए 71 वैक्सीनेशन साइट्स पर सुव्यवस्थित ढंग से टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए, जहां कुल 539 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

उन्होंने बताया कि यह अभियान बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के दौरान चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीमों ने पूरी तत्परता के साथ कार्य किया। प्रत्येक वैक्सीनेशन साइट पर आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे कोल्ड चैन, एईएफआई किट, स्वच्छ वातावरण, अल्पाहार, पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी, जिससे टीकाकरण प्रक्रिया सुरक्षित एवं सुचारु रूप से सम्पन्न हो सकी।

डॉ. शर्मा ने बताया कि अभियान से पूर्व विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं समुदाय स्तर पर व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं, जिसका सकारात्मक परिणाम टीकाकरण दिवस पर देखने को मिला।

अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक अपनी बेटियों को टीकाकरण के लिए भेजा।



### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर एवं समिति अध्यक्ष संदेश नायक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर संदेश नायक ने कहा कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन एवं रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उसका गंभीरता से क्रियान्वयन किया जाए तथा आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए चयनित 15 स्थानों की सर्वे रिपोर्ट की समीक्षा की गई। साथ ही यादगार से सीतापुरा तक आदर्श पथ विकसित करने के संबंध में जेडीए, पुलिस एवं नगर निगम द्वारा की गई कार्यवाही पर चर्चा हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि उक्त मार्ग को सुरक्षित, सुगम एवं आदर्श यातायात मार्ग के रूप में विकसित करने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति की समीक्षा की गई। जयपुर शहर में 'फ्री लेफ्ट' व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए किए गए कार्यों की वस्तुस्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके अलावा फूड वैन एवं अन्य मॉडिफाइड वाहनों के विरुद्ध की गई कार्रवाई तथा सड़क दुर्घटनाओं की जांच हेतु गठित समिति द्वारा दिए गए सुझावों पर विभागवार कार्यवाही की समीक्षा भी की गई। जिला कलक्टर ने मानसून के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां जलभराव की स्थिति बनती है वहां त्वरित जल निकासी सुनिश्चित की जाए, नालों की नियमित सफाई करवाई जाए तथा सड़क




दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़कों के गड्ढों को प्राथमिकता से भरवाया जाए। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली एवं सीवरेज कार्यों के लिए सड़क कटिंग विभिन्न विभाग आपसी समन्वय से करें ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की स्थिति एवं सुधारात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान, सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग रोकने, सड़कों पर पर्याप्त रोशनी एवं साइनेज सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

# कांग्रेस राज में हुए पेपर लीक युवाओं के साथ विश्वासघात : मदन राठौड़

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस नेताओं गोविंद सिंह डोटासरा और अशोक गहलोत के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में लगातार पेपर लीक की घटनाओं ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया।

उन्होंने कहा कि रीट-2021 और एसआई भर्ती परीक्षा में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, लेकिन तत्कालीन सरकार ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। राठौड़ ने दावा किया कि भजनलाल शर्मा सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक



नहीं हुआ और किसी भी अनियमितता की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल परीक्षाएं कराना नहीं, बल्कि युवाओं का विश्वास मजबूत करना है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर युवाओं के मुद्दों पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत को अर्पित की श्रद्धांजलि

# राजस्थान में भैरोंसिंह शेखावत ने अंत्योदय के सपने को किया था साकारः भजनलाल शर्मा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत की 16वीं पुण्यतिथि पर विद्याधर नगर स्थित स्मृति स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति का राजस्थान के विकास में अहम योगदान रहा और उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भैरोंसिंह शेखावत को उनके कार्यों के लिए जनमानस आज भी याद करता है। पूर्व उपराष्ट्रपति ने राजस्थान में पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार किया था, जिसे बाद में पूरे देश में भी अपनाया गया। उन्होंने कहा कि स्व. भैरोंसिंह शेखावत ने प्रदेश में किसान, मजदूर और युवाओं के हित में महत्वपूर्ण काम किए थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद



बैरवा, सांसद मंजू शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं आमजन ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले उन्होंने प्रातःकाल मुख्यमंत्री निवास पर पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

# 25 मई से शुरू होगा 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** विकास एस भाले की अध्यक्षता में 25 मई से शुरू होने वाले 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों को लेकर राज्य स्तरीय बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत श्रमदान, पौधारोपण, जल स्त्रोतों की सफाई, जागरूकता रैलियां और सामाजिक सहभागिता आधारित कार्यक्रम सक्रियता से आयोजित किए जाएं। बैठक में गोशालाओं, पशु चिकित्सा संस्थानों और सार्वजनिक पशु खेड़ियों में स्वच्छता अभियान चलाने तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को जिला और ब्लॉक स्तर की कार्ययोजना शीघ्र भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, सेक्स सॉर्टेड सीमन और एफएमडी टीकाकरण अभियान की प्रगति की भी समीक्षा हुई। अब तक 20.68 लाख पशुओं का बीमा किया जा चुका है।

## न्यूज विंडो

### 14 साल से फरार 25 हजार का इनामी आरोपी यूपी से गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 वर्षों से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी दुलाल बक्सी को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से दस्तयाब किया है। आरोपी पश्चिम बंगाल का निवासी है और बाड़मेर के बायतु थाने में गैर इरादतन हत्या व भारतीय चिकित्सा अधिनियम के मामले में वांछित था। वर्ष 2012 में आरोपी बाड़मेर में 'मां क्लीनिक' नाम से झोलाछाप डॉक्टर बनकर इलाज करता था। गलत इंजेक्शन और ग्लूकोज चढ़ाने से एक महिला की मौत हो गई थी, जिसके बाद वह फरार हो गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह कई राज्यों में ठिकाने बदलता रहा और गाजीपुर में फर्जी नाम से क्लीनिक चला रहा था। सीआईडी सीबी टीम ने तकनीकी और आसूचना तंत्र की मदद से आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसने पुलिस पर हमला करने की भी कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया।

### महिलाओं और बच्चों के ऑनलाइन उत्पीड़न पर राजस्थान पुलिस की एडवाइजरी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने महिलाओं और बच्चों को ऑनलाइन उत्पीड़न से बचाने के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। अब पीड़ित महिलाएं और बालिकाएं बिना अपनी पहचान उजागर किए नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकती हैं। एडीजी साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि विकल्प में सुविधा उपलब्ध है, जिसमें नाम, पता या आधार जैसी निजी जानकारी नहीं मांगी जाती। शिकायतकर्ता केवल घटना की जानकारी, सोशल मीडिया प्रोफाइल लिंक और स्क्रीनशॉट अपलोड कर सकती है। पुलिस ने सलाह दी है कि ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में चैट, मैसेज, स्क्रीनशॉट और प्रोफाइल लिंक सुरक्षित रखें, क्योंकि ये कानूनी कार्रवाई में महत्वपूर्ण साक्ष्य होते हैं। साइबर ठगी या अपराध की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930, नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 / 9257510100 पर दी जा सकती है।

#### अजमेर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 215 गुमशुदा मोबाइल बरामद, मालिकों को लौटाए

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब 50 लाख रुपये कीमत के 215 खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। ये मोबाइल अब उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे जा रहे हैं। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के नेतृत्व में साइबर सेल और थाना पुलिस टीमों द्वारा की गई। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों, तकनीकी विश्लेषण और फील्ड कार्रवाई के जरिए राजस्थान सहित अन्य राज्यों से मोबाइल बरामद किए। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल फोन में मजबूत पासवर्ड, पिन या बायोमेट्रिक लॉक रखें तथा 'स्न्द्वठ्ठस्र रू ष्ठद्ग1द्वष्द्ग' जैसी सुविधाएं सक्रिय रखें। मोबाइल खोने या चोरी होने पर तुरंत सिम बंद करवाकर सीईआईआर पोर्टल, राजकॉप सिटीजन ऐप या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है।

### जयपुर पुलिस की पहलः रेडलाइट पर इंजन बंद कर बचाएं ईंधन और पर्यावरण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत को बढ़ावा देने के लिए शहर में विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। ट्रैफिक पुलिस व्यस्त चौराहों पर रेडलाइट के दौरान वाहन चालकों से इंजन बंद रखने की अपील कर रही है। पुलिसकर्मी लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को संदेश दे रहे हैं कि रेडलाइट पर कुछ सेकंड रुकने के दौरान वाहन का इंजन बंद करने से पेट्रोल-डीजल की बचत होगी और वायु प्रदूषण भी कम होगा। विशेषज्ञों के अनुसार ट्रैफिक सिग्नल पर 60 से 90 सेकंड तक इंजन चालू रहने से अनावश्यक ईंधन खर्च होने के साथ जहरीली गैसों का उत्सर्जन बढ़ता है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर प्रतिमाह आयोजित होंगी 10 वेलनेस गतिविधियां

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर प्रतिमाह 10 वेलनेस गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत सीएचओ द्वारा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर प्रत्येक माह की 5 एवं 20 तारीख (2 दिवस) को वेलनेस गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर प्रतिमाह 10 वेलनेस गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 'ग्राम-2026' स्थगित, कृषि विभाग ने जारी किए आदेश

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजधानी जयपुर स्थित जेईसीसी में आगामी 23 मई को प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (त्नक्र- 2026) का आयोजन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेशों के अनुसार यह निर्णय अपरिहार्य कारणों के चलते लिया गया है। कृषि आयुक्त ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए बताया कि कार्यक्रम को आगामी आदेशों तक स्थगित रखा जाएगा। हालांकि आयोजन की नई तिथि को लेकर फिलहाल कोई घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि 'ग्राम-2026' को राजस्थान के कृषि क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन माना जा रहा था, जिसमें आधुनिक कृषि तकनीक, एग्रीटेक नवाचार, कृषि निवेश, स्टार्टअप्स और किसानों के लिए नई संभावनाओं पर चर्चा प्रस्तावित थी।

### जयपुर में कैश डिपॉजिट मशीन से 38 हजार निकाले

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर के, ञ्ररू बूथ में लगी कैश डिपॉजिट मशीन (ष्ठरू) से छेड़छाड़ कर बदमाश महज 5 मिनट में 38 हजार रुपए निकाल ले गए। ञ्ररू बूथ में घुसे दो बदमाशों ने मशीन में माचिस की तीली लगाकर वारदात को अंजाम दिया। दोनों बदमाशों की ये करतूत एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना 2 अप्रैल 2026 की शाम करीब 7:30 बजे के बाद माणक चौक स्थित एटीएम बूथ की है। वीडियो में दोनों बदमाश कैश डिपॉजिट मशीन से छेड़छाड़ करते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज के आधार पर माणक चौक थाना पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। ष्ठरू में माचिस की तीली लगाकर सेंसर को किया प्रभावित माणक चौक स्॥ह्र राकेश ख्यालिया ने बताया कि माणक चौक स्थित एक बैंक, ञ्ररू बूथ में वारदात की गई है। ञ्ररू बूथ में घुसे दो बदमाशों ने कैश डिपॉजिट मशीन को वारदात के लिए चुना। मशीन में माचिस की तीली लगाकर सेंसर को प्रभावित किया। इसके बाद छेड़छाड़ कर कैश डिपॉजिट मशीन से 38 हजार रुपए निकाल लिए। महज 5 मिनट में बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम स्॥ह्र ने बताया कि बदमाशों ने पूरी वारदात को महज 5 मिनट में अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देकर दोनों बदमाश फरार हो गए। कैश डिपॉजिट मशीन में रुपए कम मिलने पर जांच करने पर वारदात का पता चला। बैंक मैनेजर अमित की ओर से गुरुवार दोपहर माणक चौक थाने में मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस टीमें, ञ्ररू बूथ में लगे ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज में कैद हुए दोनों बदमाशों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

# राज्य सरकार की कृषि योजनाओं से बदली किसान कैलाश पिपलोदा की तकदीर

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से संचालित योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। ग्राम रथ अभियान 2026 के तहत ग्राम पंचायत चीथवाड़ी के किसान कैलाश पिपलोदा इसकी मिसाल बनकर सामने आए हैं। कैलाश पिपलोदा ने बताया कि पहले वे पारंपरिक तरीके से खेती करते थे, जिससे समय अधिक लगता था और मजदूरी खर्च भी बढ़ जाता था। समय पर कृषि कार्य नहीं होने से उत्पादन भी प्रभावित होता था। इसी दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने उन्हें राज्य सरकार की कृषि यंत्र योजना की जानकारी दी। योजना



के तहत उन्हें कृषि यंत्र खरीदने पर 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त हुआ। आधुनिक कृषि यंत्र मिलने के बाद खेती का कार्य आसान और समयबद्ध हो गया। बुवाई एवं कटाई समय पर होने लगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि हुई और आय भी बढ़ी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से उन्हें खेती में नई दिशा मिली है और अब उनकी खेती अधिक लाभकारी बन गई है। कैलाश पिपलोदा ने राज्य के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कृषि विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं किसानों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही हैं। उन्होंने अन्य किसानों से भी इन योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक खेती अपनाने की अपील की।

### एसएमएस में मरीज की तड़प-तड़प कर मौत हुई

# डॉक्टर्स का आरोप- परिजन ने हमला करने के लिए चाकू उठाया; परिवार ने बदसलूकी का आरोप लगाया

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में आज एक बुजुर्ग मरीज की दर्द से तड़प-तड़प कर मौत के बाद हंगामा हो गया। मरीज के परिजनों ने रेजिडेंट डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ पर समय पर इलाज नहीं देने और बदसलूकी करने का आरोप लगाया। वहीं, स्टाफ ने मरीज के परिजनों पर हंगामा करने, मारने के लिए वार्ड में चाकू उठाने और वीडियो बनाने का आरोप लगाया। दरअसल, किशनलाल (69) निवासी खैरथल-तिजारा को पैरों में दर्द होने पर परिजन रात करीब 12 बजे स्रूस् की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे थे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद भी कोई राहत नहीं मिली तो उन्हें देर रात कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (ष्टञ्जङ्कस्) वार्ड में भर्ती किया। यहां भर्ती होने के बाद मरीज की जांचें हुईं। जहां पता चला कि मरीज के पैरों की नसें ब्लॉक हैं। इस दौरान मरीज सुबह तक दर्द से तड़पता रहा। लेकिन उसे कोई राहत नहीं मिली। इलाज के लिए परिजन बार-बार रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ से गुहार लगाते रहे। लेकिन उन्होंने भी कोई सुनवाई न करते हुए सीनियर डॉक्टर के आने के बाद ही आगे का इलाज होने की बात कही। **दर्द से कहराते हुए मरीज की मौत, नहीं मिला इलाज** सुबह तक तेज दर्द से कहराते हुए बुजुर्ग मरीज ने आखिरकार दम तोड़ दिया। इसके बाद मरीज के परिजन गुस्सा हो गए, जिसके बाद उनकी स्टाफ से बहस हो गई। तभी मरीज के एक परिजन और रेजिडेंट डॉक्टर में हल्की झड़प हो गई। इसके बाद परिजन ने पास के ही बैड पर लेटे दूसरे मरीज की टेबिल से फल-सब्जी काटने वाला चाकू उठा लिया। वार्ड में मौजूद सुरक्षा गार्ड भी आ गए और परिजनों को पकड़ लिया। स्टाफ ने एसएमएस थाने से पुलिस बुला ली, जिसके बाद पुलिस परिजनों को वार्ड से पकड़कर थाने ले गई। **थाने में समझाइश के बाद मामला शांत** घटना के बाद रेजिडेंट डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ ने एक शिकायत एसएमएस अधीक्षक को दी और बाद में थाने में पहुंच गए, जहां उन्होंने परिजन के खिलाफ शिकायत दी। जहां ष्टञ्जङ्कस् यूनिट हैड डॉ. रामगोपाल यादव भी पहुंचे। डॉ. यादव और पुलिस अधिकारियों ने स्टाफ से समझाइश की और मामले को शांति से



निस्तारित करने की अपील की। लेकिन देर शाम तक मामला शांत नहीं हुआ।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढ़ा द्वारा एफ बी-3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर-4, जयपुर से मुद्रित एवं जी 1, एफ ब्लॉक गणपति एनक्लेव अजमेर रोड जयपुर से प्रकाशित। फोन (0141) 2220403, 2220405,2220060,8824399949-59 संपादक - प्रदीप लोढ़ा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, अजमेर कार्यालय- पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर।

## सम्पादकीय...

### सी ई सी चयन प्रक्रिया पर सवाल



उच्चतम न्यायालय ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में स्वतंत्रता के दिखावे को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं अदालत में स्पष्ट करा है कि क्या वर्तमान व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत एक स्वतंत्र निर्वाचन आयोग की आवश्यकता को पूरा करती है इसे विशेष रूप से तब जब स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है प्रधानमंत्री विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक कैबिनेट मंत्री वाले पैनल के गठन पर सवाल उठाते हुए न्यायालय ने कहा कि इस चयन प्रक्रिया में वास्तव में किसी भी स्वतंत्र सदस्य को शामिल नहीं किया गया है। न्यायालय का मानना था कि सीबीआई निदेशक की नियुक्ति में भी मुख्य न्यायाधीश चयन पैनल का हिस्सा होते हैं जबकि सीबीआई मुख्य रूप से आपराधिक जांच और कानून के शासन से जुड़ी होती है न्यायालय ने आश्चर्य जताया कि चुनाव मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में ऐसा स्वतंत्र सदस्य क्यों गायब है जिनका सीधा संबंध देश में लोकतांत्रिक एवं चुनावी निष्पक्षता बनाए रखने में है। बहस में अटॉर्नी जनरल ने स्वीकार किया कि व्यावहारिक रूप से पैनल में शामिल कैबिनेट मंत्री आमतौर पर प्रधानमंत्री से अलग राय नहीं रखते तो न्यायालय ने कहा कि इससे चयन प्रक्रिया का नियंत्रण प्रभावी रूप से कार्यपालिका अर्थात सरकार के हाथ में आ जाता है। न्यायालय का मानना था कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता न केवल उसके वास्तविक कामकाज में बल्कि जनता की धारणा में भी दीखनी चाहिए आयोग का केवल स्वतंत्र होना ही काफी नहीं है बल्कि उसे स्वतंत्र दिखना भी चाहिए शीर्ष अदालत की यह कड़ी टिप्पणियां मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त के नियुक्ति सेवा शर्त और कार्य कार्य अवधि अधिनियम 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान आई।

**वैभव लोढ़ा...**

## इतिहास में आज

1929: हॉलीवुड में पहले एकेडमी अवॉर्ड दिए गए.
1975: सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में भारत में शामिल किया गया।
1999 – दक्षेस का 2002 ई. में होने वाला शिखर सम्मेलन थिम्पू में कराये जाने की घोषणा।
2014: भाजपा ने आम चुनावों में जीत दर्ज की। एनडीए को 543 में से 336 सीटें मिलीं।

-धर्म चंद मेहता

## क्रॉस फायर

❑राजनाथ सिंह भोला 2014 के बाद देश की सुरक्षा नीति में ऐतिहासिक बदलाव आया।
◆अमेरिकी राष्ट्रपति की भी चलने लगी इसके बाद।
❑कोर्ट ने केजरीवाल और अन्य के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की।
◆कैसे भी फसाना है।
❑पेपर लीक मामले पर भाजपा प्रवक्ता बोले निष्पक्ष जांच कर के देशों को सजा दिलाई जाएगी।
◆यह पार्टी के प्रवक्ता हैं या सरकार के।
❑केरल के मुख्यमंत्री पद पर कैसी वेणुगोपाल का नंबर नहीं आया।
◆दिल के अरमां आंसुओं में बह गए।
❑ममता बनर्जी चुनावी हिंसा से जुड़े मामलों में वकील बनकर पहुंची हाई कोर्ट।
◆तेरा पीछा ना छोड़ूंगी बीजेपी वालों।
❑देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एस आई आर का ऐलान।
◆सही बताने के लिए सब जगह करनी पड़ेगी।
❑भाजपा ने राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर पूछे सवाल कहां खर्च कहां से आया।
◆राहुल तो पैसे वाला है भूखे नंगो से पूछो।
❑एक दिन नो व्हीकल डे की तैयारी में राजस्थान सरकार।
◆कुछ दिन सरकार की छुट्टी रख दोगे तो भी फर्क नहीं पड़ेगा।

.............अंजू लोढ़ा

## आज का राशिफल

### शनिवार 16 मई, 2026

**मेष राशि**: व्यावसायिक मामलों में फैसले लेते वक्त आपको सुस्पष्ट सोच से काम करना होगा। सहजता और तेजी के साथ कई मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान करेंगे।

**वृषभ राशि**: आर्थिक मामलों में तकदीर आपका साथ देगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति बनेगी।

**मिथुन राशि**: आपने पहले से ही जो उम्मीदें संजो रखी हैं या फिर आप जैसा चाह रहे होंगे, उनके पूरा न होने से आप हताश हो सकते हैं। हो सकता है, जब आपको जरूरत होगी ।

**कर्क राशि**: युवाओं की तरह ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप युवा लोगों को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे। आपकी पुत्री करियर के मामले में स्वतंत्र रूप से फैसला ले सकती है।

**सिंह राशि**: कारोबार में सफलता मिलेगी और सौभाग्य भी साथ देगा। इस कारण आप खुलकर खरीददारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करना चाहेंगे।

**कन्या राशि**: आपके परिवेश में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। नए अवसर सामने आएंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

**तुला राशि**: अतीत के एक दौर की समाप्ति हो रही है और एक नया दौर शुरू होने वाला है। जैसे ही आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं।

**वृश्चिक राशि**: विभिन्न शख्सियतों के बीच आप अलग छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में ऊर्जावान होकर साहस का परिचय देंगे।

**धनु राशि**: जिंदगी जो भी घटनाएं आपके समक्ष पेश कर रही हैं, उनका भरपूर लुफ्त उठाएं, तभी आप अतीत के अपराधबोध, नकारात्मक विचारों आदि को भुला सकेंगे।

**मकर राशि**: असमंजस के बादल छंटेंगे। पुराने तौर-तरीकों में सुधार करेंगे और आपके दृष्टिकोण में भी नयापन झलकेगा। आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं।

**कुम्भ राशि**: अतीत और भविष्य की योजनाओं में न डूबकर आप वर्तमान में रहें और हर लम्हे का आनंद उठाएं। अगर आप सचेत नहीं रहे, तो आपके हाथ से एक सुनहरा मौका निकल सकता है।

**मीन राशि**: लोगों से संवाद स्थापित करने का वक्त है। व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ संपर्क स्थापित करें। निजी व व्यावसायिक मामलों को आप विलक्षण ढंग से और रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर विशेष: जागरूकता से आगे बढ़कर स्थायी समाधान की जरूरत



**जयदेव राठी**

हर वर्ष भारत में 16 मई को राष्ट्रीय  मनाया जाता है। यह केवल एक सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि उस बढ़ते स्वास्थ्य संकट की याद दिलाने वाला दिन है जिसने दुनिया के करोड़ों लोगों को प्रभावित किया है। कभी केवल बरसात के मौसम तक सीमित रहने वाला डेंगू अब पूरे वर्ष चुनौती बनता जा रहा है। बदलती जलवायु, तेजी से बढ़ते शहरीकरण, अव्यवस्थित कचरा प्रबंधन और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कमजोरियाँ इस बीमारी को और खतरनाक बना रही हैं। डेंगू आज केवल एक बीमारी नहीं बल्कि विकास, पर्यावरण और प्रशासन से जुड़ा बड़ा प्रश्न बन चुका है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पिछले दो दशकों में डेंगू के मामलों में कई गुना वृद्धि हुई है और अब यह 100 से अधिक देशों में फैल चुका है। एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका इसके सबसे बड़े केंद्र बन चुके हैं। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। हर वर्ष लाखों लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं और हजारों परिवार आर्थिक व मानसिक संकट झेलते हैं। राष्ट्रीय डेंगू दिवस ऐसे समय में मनाया जा रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन और नई स्वास्थ्य चुनौतियों से जूझ रही है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि डेंगू को केवल मौसमी बीमारी मानने की गलती न की जाए बल्कि इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़कर देखा जाए।

डेंगू मच्छर जनित बीमारी है जो मुख्य रूप से एडीज एजिप्टी मच्छर के कारण फैलती है। यह मच्छर साफ पानी में पनपता है और दिन के समय काटता है। यही कारण है कि शहरों में घरों की छतों पर रखी टंकियाँ, कूलर, गमले, पुराने टायर और खुले बर्तन इसके सबसे बड़े प्रजनन केंद्र बन जाते हैं। विडंबना यह है कि आधुनिक जीवनशैली और सुविधाएँ ही कई बार बीमारी का कारण बन रही हैं। विश्व स्तर पर देखा जाए तो डेंगू तेजी से फैलती बीमारियों में शामिल हो चुका है। पहले जिन क्षेत्रों में यह बीमारी नहीं थी, अब वहाँ भी इसके मामले सामने आने लगे हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि तापमान बढ़ने और मौसम के बदलते पैटर्न ने मच्छरों के जीवन चक्र को प्रभावित किया है। लंबे समय तक गर्मी और नमी बने रहने से मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है।

यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरणीय संकट नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी बड़ा खतरा बन चुका है। भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। देश के लगभग सभी राज्यों में डेंगू के मामले सामने आते हैं। महानगरों से लेकर छोटे शहर और गाँव तक इसकी चपेट में आ रहे हैं। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में हर वर्ष स्थिति गंभीर हो जाती है। सरकारी आँकड़े कई बार वास्तविक स्थिति को पूरी तरह नहीं दर्शाते क्योंकि बड़ी संख्या में लोग निजी अस्पतालों में इलाज करवाते हैं या जाँच तक नहीं करवा पाते। भारत की सबसे बड़ी चुनौती जनसंख्या घनत्व और अव्यवस्थित शहरीकरण है। तेजी से फैलते शहरों में जल निकासी की खराब व्यवस्था, गंदगी और निर्माण स्थलों पर जमा पानी डेंगू के लिए आदर्श परिस्थितियाँ तैयार करते हैं। दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी और सीमित स्वास्थ्य सुविधाएँ समस्या को और बढ़ा देती हैं। हालाँकि भारत ने डेंगू नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास भी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। स्कूलों, पंचायतों और शहरी निकायों को इसके नियंत्रण में जोड़ा जा रहा है। कई राज्यों ने विशेष फॉगिंग अभियान, साफ-सफाई अभियान और अस्पतालों में विशेष वार्ड तैयार किए हैं। भारत में वैज्ञानिक स्तर पर भी डेंगू को लेकर शोध बढ़ा है और वैक्सीन व नई उपचार तकनीकों पर कार्य हो रहा है।

कोविड-19 महामारी के बाद भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था ने यह सीखा कि केवल अस्पताल बढ़ा देने से स्वास्थ्य संकटों पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता। रोकथाम सबसे प्रभावी उपाय है।

डेंगू के मामले में भी यही सत्य है। यदि लोग अपने घरों और आसपास पानी जमा नहीं होने दें तो बड़ी संख्या में मामलों को रोका जा सकता है। लेकिन समस्या यह है कि जागरूकता अक्सर केवल पोस्टर और नारों तक सीमित रह जाती है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हमारा समाज स्वास्थ्य संबंधी जिम्मेदारियों को गंभीरता से ले रहा है कई लोग आज भी यह मानते हैं कि सफाई केवल सरकार का काम है जबकि वास्तविकता यह है कि डेंगू नियंत्रण में नागरिकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। एक छोटी सी लापरवाही पूरे मोहल्ले के लिए खतरा बन सकती है। इसके साथ ही सरकारों को भी आत्ममंथन करना होगा। हर वर्ष बरसात से पहले डेंगू नियंत्रण की योजनाएँ बनती हैं लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में काम बहुत धीमा है। शहरों की जल निकासी व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, अवैध निर्माण और सार्वजनिक सफाई की समस्याएँ वर्षों से जस की तस बनी हुई हैं।

स्वास्थ्य बजट बढ़ाने और स्थानीय निकायों को मजबूत करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

दुनिया के कई देशों ने सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से डेंगू नियंत्रण में सफलता प्राप्त की है। सिंगापुर इसका बड़ा उदाहरण है जहाँ कठोर नियमों और जनजागरूकता के कारण डेंगू पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया। भारत जैसे विशाल देश में यह चुनौती कठिन जरूर है लेकिन असंभव नहीं। आवश्यकता केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक योजना और सामाजिक भागीदारी की है। डेंगू का आर्थिक प्रभाव भी कम नहीं है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए इलाज का खर्च भारी बोझ बन जाता है। निजी अस्पतालों में प्लेटलेट्स और उपचार के नाम पर भारी बिल वसूले जाते हैं। कई बार डर और अफवाहें भी लोगों की परेशानी बढ़ा देती हैं। इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सस्ती चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस केवल बीमारी की चर्चा करने का अवसर नहीं होना चाहिए बल्कि यह आत्मविश्लेषण का दिन बनना चाहिए। क्या हमारे शहर रहने योग्य बन रहे हैं? क्या विकास योजनाओं में स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जा रही है? क्या नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं? जब तक इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार नहीं होगा तब तक हर वर्ष डेंगू नए रूप में सामने आता रहेगा। भारत के पास दुनिया को दिशा देने का अवसर भी है। जिस तरह भारत ने वैक्सीन निर्माण, दवाइयों और जनस्वास्थ्य अभियानों में वैश्विक पहचान बनाई है उसी प्रकार डेंगू नियंत्रण में भी वह नेतृत्व कर सकता है।

इसके लिए शोध, तकनीक, स्वच्छता और जनभागीदारी को एक साथ जोड़ना होगा। आज आवश्यकता केवल एक दिवस मनाने की नहीं बल्कि एक स्थायी जनआंदोलन खड़ा करने की है। यदि हर नागरिक सप्ताह में केवल दस मिनट अपने घर और आसपास जमा पानी की जाँच कर ले तो डेंगू के खिलाफ बड़ी लड़ाई जीती जा सकती है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस का वास्तविक उद्देश्य भी यही होना चाहिए कि बीमारी के बाद इलाज नहीं, बल्कि बीमारी से पहले बचाव की संस्कृति विकसित हो। डेंगू के खिलाफ लड़ाई सरकार, समाज और नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। जब तक यह जिम्मेदारी सामूहिक रूप से नहीं निभाई जाएगी तब तक हर बरसात के साथ अस्पतालों की भीड़, बढ़ती चिंताएँ और स्वास्थ्य संकट की खबरें दोहराई जाती रहेंगी। अब समय आ गया है कि जागरूकता को आदत और अभियान को संस्कृति बनाया जाए।

## परी चौक की बदहाल व्यवस्था पर उठे सवाल

# हजारों यात्रियों की परेशानी को लेकर विधायक जेवर ने प्राधिकरण को लिखा पत्र, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग तेज

**ऋषभ पाटनी**

परी चौक आज ग्रेटर नोएडा ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण यातायात केंद्र बन चुका है। प्रतिदिन यहां से हजारों लोग दिल्ली, नोएडा, जेवर, बुलंदशहर, अलीगढ़, आगरा और आसपास के अनेक क्षेत्रों के लिए आवागमन करते हैं। छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले यात्रियों के लिए यह स्थान सार्वजनिक परिवहन का प्रमुख केंद्र माना जाता है। लेकिन विडंबना यह है कि इतनी महत्वपूर्ण जगह होने के बावजूद यहां यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव लंबे समय से बना हुआ है। अब इस गंभीर समस्या को लेकर जेवर विधानसभा के विधायक ने खुलकर चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भेजे गए पत्र में विधायक ने परी चौक क्षेत्र में रोडवेज यात्रियों को हो रही परेशानियों का विस्तार से उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारों लोग यहां बसों का इंतजार करते हैं, लेकिन उनके लिए न तो पर्याप्त छायादार बस शेल्टर उपलब्ध हैं और न ही बैठने की समुचित व्यवस्था। गर्मी के मौसम में यात्रियों को तेज धूप में खड़ा रहना पड़ता है, जबकि बरसात के दौरान उन्हें खुले आसमान के नीचे भीगते हुए बसों की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। विधायक ने अपने पत्र में विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की परेशानियों का उल्लेख किया है। उनका कहना है कि इन वर्गों के लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लंबे समय तक खुले में खड़े रहने के कारण बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। वहीं महिलाओं और छात्राओं को असुविधा के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि परी चौक केवल एक चौराहा नहीं, बल्कि हजारों लोगों की दैनिक जीवन-रेखा है। यहां से रोजाना छात्र अपने कॉलेज और विश्वविद्यालयों तक पहुंचते हैं, कर्मचारी कार्यालयों के लिए बस पकड़ते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग चिकित्सा, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए शहरों की ओर यात्रा करते हैं। ऐसी स्थिति में यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

वधायक ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में जब शहरों को स्मार्ट सिटी और आधुनिक बुनियादी ढांचे के रूप में विकसित करने की बातें हो रही हैं, तब परी चौक जैसे महत्वपूर्ण स्थल पर यात्रियों के लिए न्यूनतम सुविधाओं का अभाव चिंताजनक है। उन्होंने मांग की कि यहां आधुनिक एवं स्थायी बस शेल्टर बनाए जाएं, जिनमें यात्रियों को धूप और बारिश से सुरक्षा मिल सके। इसके साथ ही पर्याप्त बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि यात्रियों को लंबे समय तक खड़े रहने की मजबूरी न हो। पेयजल सुविधा को भी विधायक ने अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में यात्रियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध न होना गंभीर समस्या है। गर्मी के दिनों में कई यात्रियों को पानी के अभाव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए परी चौक क्षेत्र में सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था शीघ्र स्थापित की जानी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल बस सूचना प्रणाली स्थापित करने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि यदि यात्रियों को बसों के आगमन और प्रस्थान की जानकारी डिजिटल माध्यम से उपलब्ध हो, तो उन्हें अनावश्यक रूप से लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित हो सकेगी। रात्रि के समय यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विधायक ने समुचित प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर पर्याप्त रोशनी न होने के कारण यात्रियों को असुरक्षा की भावना रहती है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है। इसलिए पूरे क्षेत्र में हाईमास्ट लाइट और अन्य आधुनिक प्रकाश व्यवस्था की जानी चाहिए।

यातायात प्रबंधन को लेकर भी विधायक ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परी चौक पर वाहनों की अत्यधिक आवाजाही के कारण कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बसों के रुकने और यात्रियों के चढ़ने-उतरने के दौरान अव्यवस्था बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस प्रशासन और प्राधिकरण को मिलकर यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि परी चौक क्षेत्र में सुविधाओं की कमी लंबे समय से बनी हुई है। कई बार लोगों द्वारा इस मुद्दे को उठाया गया, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। यात्रियों का मानना है कि यदि यहां बेहतर बस शेल्टर, स्वच्छता, पेयजल और बैठने की व्यवस्था उपलब्ध हो जाए, तो रोजाना यात्रा करने वाले हजारों लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी शहर की पहचान वहां की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं से होती है। यदि यात्री सुविधाजनक और सुरक्षित महसूस करते हैं, तो वह शहर के विकास और प्रशासनिक दक्षता का सकारात्मक संकेत माना जाता है।

ऐसे में परी चौक जैसे प्रमुख केंद्र पर आधुनिक सुविधाओं का विकास समय की आवश्यकता बन चुका है। विधायक ने अपने पत्र के माध्यम से उम्मीद जताई है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर संवेदनशीलता दिखाएगा और शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाती है, तो इससे न केवल यात्रियों को राहत मिलेगी बल्कि ग्रेटर नोएडा की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था भी अधिक आधुनिक और व्यवस्थित बन सकेगी।

परी चौक पर यात्रियों की समस्याओं को लेकर उठी यह आवाज अब आमजन की उम्मीदों से भी जुड़ चुकी है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन और प्राधिकरण जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगे और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे, ताकि रोजमर्रा की यात्रा सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बन सके।

# डेंगू पर नियंत्रण केप्रभावी प्रयास



**बाल मुकुन्द ओझा**

राष्ट्रीय डेंगू दिवस प्रतिवर्ष 16 मई को पूरे भारत में मनाया जाता है। डेंगू के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और बचाव के तरीके समझाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में हमने काफी हद तक डेंगू पर काबू पाने का सफल प्रयास किया है। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र के मुताबिक भारत में डेंगू के वर्ष 2025 में 1 लाख 21 हजार 824 मामले दर्ज़किये गए। इनमें 131 लोगों की मौत हुई। जबकि वर्ष 2024 में दर्ज़2 लाख 33 हजार 519 मामलों से ये काफी कम है।

वर्ष 2024 में 297 लोगों की मृत्यु हो गई थी। मृत्यु का आंकड़ा भी कम हुआ है। इस वर्ष 2026 के शुरूआती दो महीनों में 6927 मामले दर्ज़ हुए। इस अवधि में मौतों की संख्या दस रही। ये आंकड़े बताते है हमारे देश में साल दर साल डेंगू पर नियंत्रण के प्रभावी प्रयास सफलीभूत हुए है। गर्मियों की शुरुआत के साथ रही घरों में और आसपास मच्छरों की संख्या बढ़ने लगती है। ये मच्छर कई रोग की वजह बन सकते हैं। मच्छरों से डेंगू-मलेरिया फैलता है। खासकर बारिश में डेंगू का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि डेंगू के मच्छर पानी में पनपते हैं। गर्मियों की शुरुआत के साथ रही घरों में और आसपास मच्छरों की संख्या बढ़ने लगती है। ये मच्छर कई रोग की वजह बन सकते हैं। मच्छरों से डेंगू-मलेरिया फैलता है। खासकर बारिश में डेंगू का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि डेंगू के मच्छर पानी में पनपते हैं। डेंगू एक ऐसी बीमारी है, जिसका इलाज शुरू से नहीं हुआ तो यह जानलेवा हो सकता है। मौसम परिवर्तन और बीमारियों का चोली दामन का साथ है। तापमान में भी घटत बढ़त होता है। इस वर्ष मौसम के अजब गजब नज़ारे देखने को मिल रहे है। कभी गर्मी कभी आंधी और बारिश तो कभी ठण्ड ने मौसम का मिज़ाज़ बिगाड़ रखा है। इस वर्ष मार्च और अप्रैल में भीषण गर्मी देखने मिली। इस अवधि में अनचाही बारिश ने गर्मी का प्रकोप नियंत्रित कर दिया। मई माह के पहले पखवाड़े में तापमान 48 डिग्री को पार कर गया। इसी के साथ डेंगू जैसी बीमारियां फैलते देर नहीं लगी। यह सर्व विदित है डेंगू मच्छर के कारण फैलता है और मच्छर गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, तो आवश्यक है कि अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर किसी को तीन से चार दिन तक उल्टी, तेज बुखार और चक्कर आ रहे हैं तो इसे नजरंदाज न करें। तुरंत ब्लड सैंपल की जांच कराएं। जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है तो इलाज कराएं। इस मामले में बिलकुल भी लापरवाही न बरतें। डेंगू फीवर जिसे 'हड्डी तोड़ बुखार भी कहां जाता हैं, भारत में तेजी से अपने पैर पसार रहा है।

हर साल इस खतरनाक बीमारी के अनियंत्रित हो जाने का मुख्य कारण यह हैं कि इसकी वैक्सीन अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। डेंगू की भयावहता का अंदाजा इसी पहलू से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार न मिलने के कारण रोगी की मौत भी हो जाती है। विशेषकर जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है वे मौसमी बीमारियों का शिकार हो जाते है। देशभर से मिलने वाली खबरों के मुताबिक मौसम परिवर्तन के साथ ही मौसमी बीमारियां और वायरल बुखार का प्रकोप पैर पसारने लगा है, जिसके चलते चिकित्सालय में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। मौसम परिवर्तन के साथ ही सर्दी, खांसी-जुकाम, चिकनगुनिया, स्वाइन फ्लू, स्क्रब डेंगू, वायरल बुखार, उल्टी- दस्त के रोगियों की संख्या बढ़ी है।

मच्छरों का प्रकोप भी बीमारियां बढ़ाने में सहायक हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते मौसमी बीमारियां बढ़ी हैं। इस मौसम में जोड़ों में दर्द, बदन दर्द, सिरदर्द, खांसी, जुकाम एवं बुखार होता है। बदलते मौसम में खान पान में सतर्कता रखनी जरूरी है।

# ज्ञान, विज्ञान और मानवता का प्रकाश : अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस पर विशेष



**सुनील कुमार महला**

हर वर्ष 16 मई को अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस मनाया जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि यह दिवस विज्ञान, शिक्षा, संस्कृति, ऊर्जा, चिकित्सा, संचार जैसे क्षेत्रों में और देश व समाज के सतत विकास(सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के क्रम में प्रकाश के महत्व को समझाने और प्रकाश के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल मनाया जाता है। वास्तव में प्रकाश से तात्पर्य केवल और केवल भौतिक रोशनी से नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, जागरूकता, आशा, नवाचार और मानव प्रगति का प्रतीक भी है। धर्म, भाषा और सीमाओं से परे प्रकाश सार्वभौमिक(यूनिवर्सल) है तथा कला से लेकर दर्शन तक इसे सदैव ज्ञान और सकारात्मकता के प्रतीक के रूप में देखा गया है। सच तो यह है कि 'आधुनिक जीवन की रीढ़' ही 'प्रकाश' है और बिना प्रकाश विज्ञान के आज डिजिटल इंडिया, वैश्विक कनेक्टिविटी तथा आधुनिक तकनीक की कल्पना भी संभव नहीं है।

वास्तव में, अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि यानी लेज़र के सफल संचालन का ही उत्सव नहीं है, बल्कि यह मानवता के 'अंधकार से प्रकाश की ओर' बढ़ने की यात्रा का भी प्रतीक है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह दिवस विज्ञान और मानवता के बीच एक सेतु का कार्य करता है तथा हमें ज्ञान, विज्ञान और सकारात्मक सोच का प्रकाश फैलाने की प्रेरणा देता है। पाठक जानते होंगे कि भारतीय संस्कृति में भी प्रकाश को अत्यंत पवित्र और ज्ञानदायी माना गया है। उपनिषदों का प्रसिद्ध मंत्र 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात् 'हे प्रभु! हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो' के बारे में आखिर कौन है जो नहीं जानते प्रकाश केवल बाहरी अंधकार से उजाले की ही बात नहीं करता है, बल्कि यह मनुष्य के अज्ञान, भय, भ्रम और नकारात्मकता से ज्ञान, सत्य और सकारात्मकता की ओर लगातार बढ़ने का संदेश देता है और आज के समय में तो यह संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। हमारे यहां दिवाली प्रकाश का सबसे बड़ा त्योहार है, जबकि लोक संस्कृति में 'लालटेन उत्सव' भी उजाले, आशा और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक माना जाता है। इतना ही नहीं, सामाजिक जीवन में शिक्षा, जागरूकता और नैतिक मूल्यों का प्रकाश समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। बहरहाल, यदि हम यहां पर इस दिवस के मुख्य उद्देश्यों की बात करें तो, अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रकाश विज्ञान और ऑप्टिकल तकनीकों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना, विज्ञान और तकनीक को समाज के विकास से जोड़ना, ऊर्जा, स्वास्थ्य, इंटरनेट और संचार में प्रकाश आधारित तकनीकों के योगदान को रेखांकित करना, युवाओं को विज्ञान एवं अनुसंधान के प्रति प्रेरित करना तथा देशों के बीच वैज्ञानिक सहयोग और शांति को बढ़ावा देना है। यूनेस्को के अनुसार यह दिवस विज्ञान, संस्कृति, कला, शिक्षा और सतत विकास में प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। वास्तव में यह दिवस इस बात की याद दिलाता है कि विज्ञान और तकनीक का सही उपयोग मानव कल्याण, शांति और सतत विकास के लिए कितना आवश्यक है। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि पहली बार यह दिवस 16 मई 2018 को मनाया गया था। 16 मई 1960 को अमेरिकी वैज्ञानिक थियोडोर मैमन ने पहली बार सफलतापूर्वक लेज़र का संचालन किया था और इसी ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में इस दिन को अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस के रूप में चुना गया। सरल शब्दों में कहें तो यह दिन भौतिक विज्ञानी और इंजीनियर थियोडोर मैमन द्वारा लेज़र के पहले सफल संचालन की वर्षगांठ का प्रतीक है। गौरतलब है कि लेज़र का आविष्कार चिकित्सा, संचार और तकनीक के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी मोड़ साबित हुआ तथा वर्ष 2015 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय प्रकाश एवं प्रकाश-आधारित प्रौद्योगिकी वर्ष' घोषित किया गया था तथा इसके बाद वर्ष 2017 में यूनेस्को ने आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस घोषित किया। अन्य दिवसों की भांति हर वर्ष इस दिवस की भी एक विशेष थीम/विषय-वस्तु रखी जाती है।इस साल यानी कि वर्ष 2026 की थीम 'प्रकाश, विज्ञान और समाज : नवाचार और प्रभाव को आगे बढ़ाना' रखी गई है। यह थीम समाज में विज्ञान और प्रकाश आधारित तकनीकों के सकारात्मक प्रभाव को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। वहीं वर्ष 2025 की थीम 'सतत भविष्य के लिए प्रकाश' रखी गई थी, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि प्रकाश आधारित तकनीकें सौर ऊर्जा और ऊर्जा-कुशल लाइटिंग के माध्यम से वैश्विक ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन से निपटने में कैसे मदद कर सकती हैं।

### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

# वंदे गंगा अभियान को जनआन्दोलन का रूप देकर जल की महत्ता बताऐं : जिला कलक्टर

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा भू.जल स्तर और जल संचयन में जन भागीदारी बढाने के लिए 25 मई गंगा दशमी से चलाये जाने वाले वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की तैयारियों की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। यह अभियान 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस तक चलेगा जिसमें सभी विभागों द्वारा भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें।

जिला कलक्टर ने कहा कि अभियान को जन आंदोलन का रूप देकर अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। जल संरक्षण वर्षा जल संचयन पारम्परिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के कार्यक्रमों में सक्रियता से भागीदारी निभाएं जिससे आमन तक अभियान का सकारात्मक प्रभाव पहुंचे। उन्होंने कहा कि अभियान में श्रमदान स्वच्छता गतिविधियां पौधारोपण जल स्त्रोतों की सफ ाई प्रभात फेरियां जागरूकता रैलियां एवं सामाजिक सहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित कराएं। उन्होंने कहा कि जिले में कार्यरत स्वयंसेवी संगठनों शिक्षण संस्थानों सामाजिक संगठनों एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी अभियान में सुनिश्चित की जाये। जिला कलक्टर ने विभागवार जिम्मेदारी देते हुए जल संसाधन विभाग भूजल संरक्षण विभाग को जलस्त्रोतों नहरों की जल उपयोगिता संगम एवं किसानों के सहयोग से साफ सफाई कराने जल शक्ति अभियान कैच द रैन अंतर्गत कार्यक्रम तथा जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पंचायतीराज संस्थाओं शिक्षा विभाग को अभियान अंतर्गत गावों में वंदे गंगा प्रभात फेरी पीपल पूजन व पौधारोपण जल संरक्षण एवं जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करने जलस्त्रोतों का पूजन करवाने को कहा। उन्होंने वन विभाग एवं संबन्धित संस्थाओं को हरियालो राजस्थान अंतर्गत पौधारोपण कार्यों की अग्रिम तैयारी चारागाहों का चिन्हिकरण कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत कार्यों का चिन्हिनीकरण करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में 26 मई को विशेष ग्राम सभाएं होंगी। जिनमें नवीन कार्यों का अनुमोदन स्वीकृतियां जारी करने के साथ ग्रामवासियों को अभियान का संकल्प दिलाया जाएगा। जिला कलक्टर ने बताया कि अभियान में गौशाला पशु चिकित्सालय दुग्ध संघ रेलवे स्टेशन बस स्टैंड कृषि उपज मंडी समिति सार्वजनिक स्थानों पेयजल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे।

विभिन्न संगठनों के साथ जल संरक्षण पर विचार संगोष्ठियां होंगी। उन्होंने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल परीक्षण अभियान उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की ओर से औद्योगिक संस्थानों निजी एवं राजकीय कार्यालयों को ग्रीन ऑफिस इनिशियेटिव एनर्जी ऑडिट एवं ग्रीन बजट के सम्बंध में जानकारी दी जाएगी। ग्रांम पंचायतों द्वारा प्राचीन तालाबए सोख्ता गडढों गांवों के मुख्य मार्गों चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई सहित जल स्त्रोतो



की मैपिंग जैसे कार्य होंगे। उन्होंने बताया कि अभियान में 31 मई ज्येष्ठ पूर्णिमा को पुलिस सेना एवं एनसीसी स्काउट द्वारा श्रमदान व जल सेवा के कार्य होंगे पक्षियों के लिए परिंडे बांधे जाएंगे। स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जल स्त्रोतों पर दीप प्रगवलन प्लास्टिक कचरे का चिंहित स्थल पर निष्पादन किया जाएगा। इस अभियान में कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा स्प्रिंकलर ड्रिप फार्म पौंड पाइप लाइन की स्वीकृतियां जारी की जाएंगी।

किसान चौपाल में कम्पोस्टिंग तकनीक के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंनें बताया कि वन विभाग द्वारा 4 जून को रन फ ॉर एन्वायरमेंट होगी। अभियान का 5 जून को जिला स्तर पर समापन समारोह आयोजित कर क्रियान्वयन में सहयोग जल संरक्षण एवं जन भागीदारी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को जल गौरव सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुलसिंह अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा शहर राहुल सैनी अधीक्षण अभियंता विद्युत रामहेत मीना जलदाय नरेन्द्र वर्मा सानिवि रीद्धिचंद मीना उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता सहित वीसी के माध्यम से जिले के सभी उपखंड अधिकारी विकास अधिकारी एवं सभी विभागों के लिा स्तरीय एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बलिदानी योद्धाओं के आश्रितों को प्रदान किए 5-5 लाख रुपये की तत्काल सहायता के चेक



**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री सहायता कोष से कारगिल पैकेज के तहत जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल कुमार पूनिया (से.नि.) ने जिले के बलिदानी योद्धाओं वीरगति को प्राप्त जिले के तारानगर के ग्राम — पोस्ट ढाणी आशा के विजय कुमार (07 सितंबर, 2024 को ऑपरेशन एक्स विनाश — महाराष्ट्रा में) तथा जिले के रतनगढ़ के दाउदसर निवासी हरलाल कालेर (05 अगस्त, 2025 को ऑपरेशन स्नो लेपर्ड उतराखंड में) के आश्रितों को 5—5 लाख रुपये की तत्काल सहायता के चेक प्रदान किए। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल कुमार पूनिया(से.नि.) ने बताया कि ढाणी आशा के विजय कुमार की आश्रिता पत्नी किरण भाकर तथा दाउदसर के हरलाल कालेर की आश्रिता पत्नी श्रवणी देवी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से कारगिल पैकेज के तहत स्वीकृत 5-5 लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए हैं।

### बाहर से आने वाले कार्मिक, किरायेदार, मजदूरों का पुलिस चरित्र सत्यापन करवाना आवश्यक

#### जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किये आदेश

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में स्थित हॉस्टल, पीजी, ढाबे, सराय, धर्मशाला में बाहर से आकर कुछ असामाजिक तत्व या संदिग्ध व्यक्ति रहने लग जाते हैं। इसी प्रकार घरेलू नौकर, किरायेदार, विभिन्न कारखानों, ईंट भट्टों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पर ऐसे लोग आकर कार्य करने लग जाते हैं। हॉस्टल, पीजी, ढाबे, धर्मशाला, सराय मालिकों, मकान मालिकों, विभिन्न कारखानों, ईंट भट्टों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रबंधकों द्वारा इनका पुलिस चरित्र सत्यापन नहीं करवाया जाता है। ऐसे असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा कानून व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। हॉस्टल, पीजी, ढाबे, धर्मशाला, सराय मालिकों, मकान मालिकों द्वारा इनके यहां ठहरने वालों एवं विभिन्न कारखानों, ईंट भट्टों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के प्रबंधकों को अपने कार्मिकों, मजदूरों का पुलिस चरित्र सत्यापन करवाना अतिआवश्यक है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित यादव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए समस्त जिला श्रीगंगानगर में तुरन्त प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है।

# फुलेरा जंक्शन पर एवीएम मशीनें बंद होने से यात्रियों को परेशानी

#### दैनिक रेल यात्री संघ ने उठाई मांग

**फुलेरा (हुक्मनामा समाचार)।** फुलेरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर बुकिंग काउंटर के पास लगी तीनों एवीएम (ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन) चालू होने के बावजूद यात्रियों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार पिछले करीब एक माह से मशीनों पर कार्य करने वाले रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं, जिसके चलते



मशीनों से जनरल टिकट जारी नहीं हो पा रहे हैं। दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि इसके कारण स्टेशन की बुकिंग खिड़कियों पर टिकट लेने वाले यात्रियों की भारी भीड़ लग रही है और यात्रियों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। फुलेरा जंक्शन महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन होने के कारण यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में पैसेंजर एवं दैनिक रेल यात्री सफर करते हैं। दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत ने मुख्य मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूजा मित्तल से मांग करते हुए कहा है कि रेलवे प्रशासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर लगाई गई इन मशीनों का लाभ आम एवं ग्रामीण जनता को मिलना चाहिए। संघ ने रेलवे प्रशासन से जल्द संज्ञान लेकर मशीनों का संचालन सुचारू करवाने तथा यात्रियों को राहत प्रदान करने की मांग की है।

# उलियाना के मनसुख अपहरण एवं हत्या के मामले में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

#### निष्पक्ष जांच,दोषियों को कड़ी सजा एवं पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान करने की मांग

**सवाई माधोपुर (हुक्मनामा समाचार)।** निकटवर्ती उलियाण थाना कुंडेरा निवासी सुख राम के एक मात्र 18 वर्षीय बेटे मनखुश का 8 मई 26 को अपहरण कर हत्या कर देने के मामले में शुक्रवार को गांव के सैकड़ो लोग जिनमें महिला, पुरुष, बुजुर्ग बच्चे शामिल थे ने जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के सामने जबरदस्त नारे बाजी ओर प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर घटना को अंजाम देने वाले नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने,मामले की निष्पक्ष जांच करने,था पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा आर्थिक सहायता देने की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया । ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त सभी आरोपी 08.05.02026 को रात्री के समय मनसुख की दर्दनाक तरिके से हत्या कर शव को खाट गावें के नाले पर फेंक गये । ज्ञापन के अनुसार अपहरण की घटना की सूचना कुछ समय बाद पुलिस थाना कुंडेरा में दी गई, परंतु समय पर उचित कार्रवाई नहीं होने के कारण आरोपियों ने युवक की हत्या कर दी। यह घटना अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मृतक स्व0मनखुश चार बहिनो का इकलोता भाई था। ज्ञापन के अनुसार वर्तमान में इस मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है तथा कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई है, किंतु पीड़ित परिवार एवं ग्रामवासियों में अभी भी भय एवं असंतोष का माहौल है। ऐसे में गांव के पीड़ित लोगों को सुरक्षा भी मुहैया कराई जाए।



### ज्ञापन में मांग की गई है कि

- मामले की निष्पक्ष एवं शीघ्र जांच कर सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।
- इस प्रकरण को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए।
- पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता (मुआवजा) प्रदान किया जाए। लगभग 10000000/-रुपये तथ्य परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी / संविदा पर रोजगार दिया जाए।
- मुख्य गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए।
- पुलिस द्वारा प्रारंभ में की गई लापरवाही की जांच कर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

#### नगर परिषद का अतिक्रमण पर बड़ा एक्शन, कई दुकानों का सामान जब्त

### मुख्य बाजारों में चला अभियान, जुर्माना वसूलकर दी दोबारा कब्जा नहीं करने की चेतावनी

**गंगापुर सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में बढ़ते अतिक्रमण और जाम की समस्या को लेकर नगर परिषद ने शुक्रवार को मुख्य बाजारों और सड़कों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सफाई निरीक्षक पिंटू कुमार मीना के



नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान दुकानों के बाहर रखे तख्ते, सामान और अन्य अवरोध हटाए गए। कई दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया, जबकि कुछ का सामान जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार कई दुकानदारों ने दुकानों के बाहर करीब पांच फीट तक अस्थाई अतिक्रमण कर रखा था। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा बाजारों में बार-बार जाम की स्थिति बन रही थी। हाल ही में शहर दौरे पर आई एसपी श्रेष्ठा मैत्रेयी की जनसुनवाई में भी लोगों ने अतिक्रमण, जाम और अव्यवस्थित यातायात की शिकायत रखी थी, जिस पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। शुक्रवार सुबह 10 बजे कोतवाली थाने से अभियान शुरू किया गया। पुलिस बल और नगर परिषद टीम ने देवी स्टोर चौराहा, खारी बाजार, चौपड़, इंद्रा बाजार, नया बाजार, फव्वारा चौक से प्राइवेट स्टैंड तक कार्रवाई की। टीम ने दुकानदारों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी।

## ग्राम रथ से पूर्ण हो रहे हैं ग्रामीणों के मनोरथ

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को विधानसभा धौलपुर के ग्राम ओदी का पुरा, अल्हपुरा, सरकनखेड़ा, बहवलपुर, विधानसभा बाड़ी के ग्राम खपरैला, आरी, किलेदार का नगला, सरेखी, विधानसभा बसेड़ी के ग्राम अर्जुनपुरा, सांगोरी, कटेलपुरा, सिहौली तथा विधानसभा राजाखेड़ा के ग्राम अतरौली, शेखपुर गूजर, इन्द्रावली, जैतपुर में ग्राम रथों से प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान ऑडियो वीडियो व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से योजनाओं का संदेश दिया गया। अभियान में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मोबाईल वैन की एलईडी स्क्रीन पर किसानों को कृषि की नवीन तकनीकों और उन्नत पद्धतियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही चार वैनों से एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश प्रसारित कर जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। लोक कलाकारों द्वारा गांवों में संध्या चौपाल में शाम के समय गीतों और नाटकों के जरिए योजनाओं को रोचक ढंग से समझाया जा रहा हैं। रथों पर ग्रामीणों के सुझाव लेने के लिए सुझाव पेटिका रखी गई है।

**आज यहां जाएंगे रथ-** शनिवार को विधानसभा धौलपुर के ग्राम बहादुरपुर, बीछिया, बरैलपुरा, सूरजपुरा, विधानसभा बाड़ी के ग्राम गूजरपुरा, लालोनी, कुरैंधा, बदरैठा, विधानसभा बसेड़ी के ग्राम दांदीपुरा, मिर्जापुर, नूरपुर, जोरगढ़ी तथा विधानसभा राजाखेड़ा के ग्राम बीच का पुरा, आम का पुरा, जारहा, धारापुरा ग्राम रथों से प्रचार-प्रसार कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### विभाग सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करें :इंदु मीणा

#### जिला परिवहन विभाग परिसर में बांधे गए परिंडे

**धौलपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा पक्षियों के संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से विभागीय परिसर में परिंडे बांधे गए। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी इंदु मीणा ने कहा कि विभाग को अपने प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों का भी जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जल स्रोतों की कमी के कारण पक्षियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पक्षियों की प्यास से मृत्यु हो जाती है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व बनता है कि वह अपने घर, दुकान, कार्यालय एवं आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर उनमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी एवं दाना उपलब्ध कराए। इंदु मीणा ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। छोटे-छोटे प्रयासों से हम जीव-जंतुओं और पक्षियों के जीवन की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं और सामाजिक संगठनों से भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

#### श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं व्यवस्थित परिक्रमा के लिये दिये आवश्यक दिशा निर्देश

# बृज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग का जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** आगामी अधिक मास के दृष्टिगत बृज 84 कोस परिक्रमा को श्रद्धालुओं के लिए सुगम सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने संपूर्ण परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान कोथरा गेट सांवई नगला दांदू बहज डीग टांकोली खोह अलीपुर बद्रीनाथ पसोपा बरौली धाऊ केदारनाथ चरण पहाड़ी भोजन थाली ऐंचवाड़ा सतवास और नौनेरा सहित परिक्रमा मार्ग में आने वाले विभिन्न गांवों का अवलोकन किया। परिक्रमार्थियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला कलेक्टर ने मार्ग के प्रमुख पड़ाव स्थलों पर सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारियों और विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इन केंद्रों पर पेयजल विद्युत आपूर्ति चिकित्सा सुविधाएं आयुर्वेदिक दवाइयां



पूछताछ केंद्र और ठहरने की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख विद्यालयों को चिन्हित कर उन्हें आश्रय स्थल के रूप में विकसित करने और परिक्रमा मार्ग के सभी सुलभ शौचालयों को सुचारू रूप से चालू करवाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान टांकोली ग्राम पंचायत में कचरे का ढेर मिलने पर जिला कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सफ ाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर मार्ग की नालियों कुंडों और तालाबों की सफ ाई करवाएं तथा कुंडों की बैरिकेडिंग की जाए। मार्ग में जगह.जगह डस्टबिन रखवाने तथा कचरा निस्तारण हेतु ट्रैक्टर एवं कचरा गाड़ी का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। मार्ग में जहां भी जलभराव की स्थिति पाई गई उसे तुरंत निस्तारित करने को कहा गया।

जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को श्रद्धालुओं के सुगम मार्गदर्शन हेतु परिक्रमा मार्ग में उचित स्थानों पर दिशा.सूचक लगाने के निर्देश दिए। अलीपुर से बद्रीधाम तक के सड़क मार्ग को परिक्रमार्थियों हेतु सुगम बनाने तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत शाखा के अधिशाषी अभियंता को परिक्रमा मार्ग में हाई मास्ट लाइटें चालू करने के निर्देश दिए गए। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए उपखंड अधिकारियों को पुलिस विभाग के साथ समन्वय कर सुदृढ़ यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा गया। संपूर्ण परिक्रमा मार्ग में यदि कोई अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे नियमानुसार तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए गए। परिक्रमा मार्ग के प्रमुख केंद्रों यथा आदिबद्री केदारनाथ जल महल और भोजनथाली में सफाई व्यवस्था हेतु विकास अधिकारियों को स्वायत्त शासन विभाग के साथ समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### सार्वजनिक धर्मार्थ प्याऊ पर पिलाया लीची का शरबत

**भरतपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बडा बाजार स्थित सार्वजनिक धर्मार्थ प्याऊ बारहमासी पर लीची का शरबत पिलाया गया। कैशियर गोपाल गोयल ने बताया कि यह प्याऊ शहर की प्राचीन एवं बारहमासी प्याऊ है यहां प्रतिदिन गंगासागर से शुद्ध पानी पिलाया जाता है जिसमें शहर के एवं दूर दराज के आने वाले राहगीरों को शीतल जल पीने को मिलता है। भीषण गर्मी में आज धर्मार्थ प्याऊ के अध्यक्ष मोहन मित्तल, जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष विष्णु लोहिया एवं समाजसेवी सुशील गोयल इत्र वालों के आतिथ्य में लीची का शरवत पिलाया गया जिसमें हजारों राहगीरों ने शरवत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। इस मौके पर अर्जुन बंसल, हरीकांत गर्ग, पीयूष सर्राफ गुलाल बजाज, श्रीकिशन, नवल किशोर, राजकुमार बबूआ आदि मौजूद थे।

### ग्राम रथ अभियान के तहत रात्रि चौपाल में गृह राज्यमंत्री ने की जनसुनवाई

**डीग (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत प्रदेश के गृह रा%य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने विधानसभा क्षेत्र नगर के ग्राम दौराला और बाघाका में आयोजित जनसुनवाई एवं रात्रि चौपाल कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण जनों के बीच पहुंचकर उनसे आत्मीय व सीधा संवाद स्थापित किया और क्षेत्र की समस्याओं को सुना। गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने जन.चौपालों को शासन और समाज के बीच एक मजबूत सेतु बताते हुए कहा कि ऐसे सीधे और पारदर्शी संवाद से ही लोकतंत्र को और अधिक जीवंत एवं सशक्त बनाया जा सकता है। प्रदेश सरकार की जन.केंद्रित कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए गृह राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार एक संवेदनशील जवाबदेह और पूर्णत: जनकल्याणकारी शासन देने के दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

# विधायक जेठानंद व्यास ने विधायक निधि से दिव्यांगजनों को दी स्कूटी

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने शुक्रवार को आठ दिव्यांग जनों को विधायक निधि के तहत स्कूटी प्रदान की। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत पात्रजनों को स्कूटी प्रदान की जाती है। जिससे वे अपने कार्य स्थल अथवा शैक्षणिक स्थल पर आसानी से आ जा सकें। इन योजनाओं की पात्रता के अभाव अथवा अन्य कारणों से वंचित रहने वाले दिव्यांग जनों को विधायक निधि द्वारा यह स्कूटियां प्रदान की गई हैं। इस दौरान विधायक ने मोहनलाल, नंदकिशोर पुरोहित, दीपा आचार्य, राम रतन उपाध्याय, जय गोपाल व्यास, लक्ष्मी नारायण गहलोत, जगदीश प्रसाद तथा भैरू रतन तिवारी को स्कूटी प्रदान की। वहीं मांगीलाल सारस्वत को आगामी दिनों में यह स्कूटी दी जाएगी। विधायक निधि से इन सभी इसके लिए 9.9 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। **जेठानंद व्यास ने किया सड़क का लोकार्पण, आमजन का आवागमन होगा सुलभ** बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने शुक्रवार को विद्या मघाराम कॉलोनी में रमेश तिवाड़ी के घर से गजनेर रोड तक व शशि भूषण रंगा से प्रदीप गोदारा तक डामर व पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस पर 28.77 लाख रुपए व्यय हुए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सड़क बनने से आमजन का आवागमन सुचारू होगा तथा उनके समय, ऊर्जा और धन की बचत होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सड़कों से जुड़े करोड़ों रुपए के कार्य करवाए जा रहे हैं। वहीं शिक्षा, चिकित्सा और विद्युत तंत्र सुदृढ़ीकरण की दिशा में भी कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार हो रहा है। अन्य



चिकित्सालयों की व्यवस्थाएं भी सुदृढ़ हुई हैं। इस अवसर पर उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए अधिकरियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर दीपक पारीक, किशन चौधरी, चोरुलाल सुथार, जेपी व्यास, राजकुमार पारीक, दिनेश चौहान, विजय कुमार हर्ष, शशि शेखर रंगा, प्रभु दयाल चौधरी, प्रवीण गांचा और दुर्गेश सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## जनहित के लिए किए गए कार्यों का लाभ जनता को ना देना सरकारी उदासीनता का उदाहरण: यशपाल गहलोत



**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर शहर जिला कांग्रेसजनो ने शुक्रवार को बीकानेर में नव निर्मित अस्पताल मेडिसिन विंग को चालू करवाने हेतु ज्ञापन दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष पीसीसी सदस्य यशपाल गहलोत ने कहा कि भामाशाह मुंधडा परिवार ने करोड़ों रुपए खर्च कर आम जनता को सुलभ इलाज मिले इसके लिए आधुनिक तकनीक से युक्त मेडिसिन विंग का निर्माण करवाया इसके बाद भी लगभग लंबे समय से जनता के लिए नहीं खोलना सरकार की उदासीनता का पार्टी उदाहरण है आज आपको इस ज्ञापन के माध्यम से ये आग्रह है कि इस मेडिसिन विंग को तुरंत जनता के लिए खोला जाए अन्यथा कांग्रेस सड़को पर विरोध प्रदर्शन करेगी। जिलाध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि अस्पताल आमजनता को राहत देने के लिए होता है बीमार जनता हेतु भामाशाह करोड़ो खर्च करते है किंतु चालू ना करने से जनता की तकलीफ बढ़ती है घटती नहीं इसलिए मेडिसिन विंग को अतिशीघ्र चालू करे अन्यथा सड़को पर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा।

### बंगलानगर में बढ़ी चोरी घटनाओं ने लोगों का बढ़ाया पारा

# एसपी कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** मुक्ताप्रसाद थाना क्षेत्र के बंगलानगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं में वहां के निवासियों का पारा बढ़ा दिया है। इन चोरी की घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस व स्थानीय लोगों ने अलग-अलग विरोध-प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक व जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिए गए। पहला ज्ञापन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल के नेतृत्व में दिया गया। जिसमें बताया कि बंगलानगर के वार्ड नंबर 01, 19,20 और 21 में पिछले कुछ दिनों से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही है। इन चोरी की घटनाओं के कारण लोगों में रोष व्याप्त है। गरीब-मजदूर परिवारों के घरों को चोर निशाना बना रहे है, जिनकी खून पसीने की कमाई को चोर रातों रात समेटकर ले जा रहे है। इन चोरी की घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों में भय व आक्रोश बना हुआ है। पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि चोरों को पकड़ा जाए तथा चोरी किया हुआ बरामद पीडित परिवारों को वापस लौटाया जाए। वहीं, क्षेत्रवासियों ने भी एसपी कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में वार्ड नंबर 01, 19, 20 और 21 के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। लोगों ने बताया कि वार्ड नंबर 01 पिछले एक माह में करीब 20 से अधिक चोरी की घटनाएं हो गई। कोई परिवार अपना घर बंद कर कहीं गया है तो उसके बंद मकान को चोर निशाना बना रहे है। अब तक चोर करीब 20 से अधिक मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके है, जिसमें किसी के घर से 10 लाख रुपए के तो किसी के 15 लाख रुपए के कीमती सामान चोरी कर ले गए। क्षेत्रवासियों ने मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए और कहा कि पुलिस चोरी की घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रही, जिसके कारण चोरों के हौसले बुलंद है और आए दिन किसी न किसी मकान में सेंधमारी कर चोरी की घटना कर रहे है। क्षेत्रवासियों ने एसपी से मांग की कि चोरों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और चोरी किया माल बरामद किया जाये क्योंकि क्षेत्र में अधिकांश लोग मजदूर वर्ग के है, ऐसे में खून पसीने की कमाई से गहने-जेवरात खरीदे थे, अब इतना आगामी 10 साल तक नहीं कमा पाएंगे। ऐसे में इनका चोरी हुआ सामान बरामद कर इन्हें वापस लौटाया जाए। अन्यथा क्षेत्रवासी धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

## दौसा में एनयूएलएम के तहत एसएचजी आमुखीकरण व पीएम स्वनिधि नामांकन अभियान आयोजित



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) के अंतर्गत जिले में स्वच्छता आधारित आजीविका अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) आमुखीकरण कार्यक्रम एवं पीएम स्वनिधि योजना के तहत नामांकन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त रूप से नगर परिषद दौसा एवं द्वारा किया गया।कार्यक्रम में ललिता, शाह, गणेश, राम, भैरव बाबा, शीतल दास, रोशनी, चांदनी एवं राधिका सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की करीब 70 महिला सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं को स्वच्छता आधारित रोजगार के अवसरों एवं स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी जय प्रकाश शर्मा, जिला प्रबंधक आदित्य शर्मा, सामुदायिक संगठक रामनिवास महावर तथा सीफॉर संस्था के सदस्य रजत भारद्वाज, किरण सिन्हा, नीलम, आशा और सुमन मौजूद रहे।सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने पीएम स्वनिधि योजना के लाभ, पात्रता एवं नामांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सामुदायिक स्तर पर स्वच्छता से जुड़े व्यवसायों की संभावनाओं और सतत आजीविका के विकल्पों पर भी चर्चा की गई।

## जयपुर में पीजी संचालक से मांगी मंथली रंगदारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जयपुर में एक पीजी संचालक को फोन कर हर महीने एक लाख रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। बदमाश ने खुद को 'विक्रम लादेन' बताते हुए पीड़ित को धमकी दी है कि अगर हर महीने एक लाख रुपए नहीं दिए तो उसे जान से मार दिया जाएगा। धमकी भरे कॉल के बाद मानसरोवर के रहने वाले 29 वर्षीय युवक ने शिप्रापथ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह मानसरोवर में पीजी चलाता है। पीजी संचालक की रिपोर्ट के बाद पुलिस टीमें बदमाश की तलाश में दबिश दे रही है। **फोन करने वाले ने जान से मारने की दी धमकी** डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि पीजी संचालक 12 मई को रात करीब 8:30 बजे सिटी पार्क की तरफ अपने दोस्त के साथ घुमने गया था। इस दौरान दोस्त के मोबाइल पर एक व्यक्ति का कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि तुम्हारे साथी से बात करवाओ। फिर दोस्त उसे बात करने के लिए अपना फोन दे दिया। कॉल करने वाले बदमाश ने अपने आप को विक्रम लादेन बताया


**आव्हान पत्र**

**आर्डर 5 रूल जाब्ता दीवानी**

**माननीय न्यायालय वरिष्ठ न्यायाधीश महोदय**

**रतनगढ़**

**नं. मु. 16 सन् 2020 तारीख पैशी 27.5.2026**

**बजरंग लाल बनाम किरण देवी आदि**

**बनामः- जयश्री पुत्री डालमचन्द बोथरा पत्नी सुनील मनोत, पताः कालीजी का चौक जोगर भवन के पास लाडनूं, जिला-नागोर (राज.)**

आपके विरूद्ध वादीगण की ओर से दावा बाबत विभाजन एवं चिरनिषेधाज्ञा का पेश किया गया है।.

अत: आपको दावे का उत्तर/जबाब देने के लिये तारीख 27 माह 05 सन् 2026 को समय 08 ए.एम. पर व्यक्तिगत या वकील द्वारा जो कि मुकदमे हाल से परिचित किया गया हो, मुकदमें संबंधित समस्त समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों के उतर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उतर दे सके उपस्थित होने के लिये आमंत्रित किया जाता है।

ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित आवे अथवा आपकी अनुपस्थिति में सुनकर निर्णय किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रायुक्त दिनांक 15 माह 05 सन् 2026 को जारी किया गया।

**आज्ञा से**

मुहर

**न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, रतनगढ़ (चुरू)**


# इक्वाडोर संसद में दौसा की बहू धोली मीना ने बिखेरा भारतीय संस्कृति का रंग

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने वाली दौसा की बहू धोली मीना ने इक्वाडोर की संसद में अपनी अनोखी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। पारंपरिक पीली लुगड़ी और झलरीदार घाघरे में सजी धोली मीना को देखकर वहां मौजूद सांसद, अधिकारी और स्थानीय लोग मंत्रमुग्ध हो गए।धोली मीना, जो इक्वाडोर में भारत के कार्यकारी राजदूत लोकेश कुमार मीना की पत्नी हैं, संसद के एक विशेष सत्र में शामिल होने पहुंची थीं। उनकी पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा—पीली लुगड़ी और कढ़ाईदार घाघरा—ने भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक पेश की। जैसे ही वे संसद भवन पहुंचीं, माहौल तालियों से गूंज उठा और कई लोगों ने उनके साथ फोटो खिंचवाने की इच्छा जताई।इस दौरान धोली मीना ने कहा कि 'भारतीय संस्कृति सीमाओं में बंधी नहीं है।




लुगड़ी-घाघरा मेरी मिट्टी की पहचान है और इसे पहनकर मैं भारत की संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' उनके इस वक्तव्य को वहां मौजूद लोगों ने खूब सराहा। एक सांसद ने टिप्पणी की कि 'आज हमारी संसद में भारत की आत्मा नजर आई है। 'यह अवसर भारत की 'सॉफ्ट पावर' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। धोली मीना पिछले कई वर्षों से राजस्थानी लोक-संस्कृति, नृत्य और पारंपरिक वेशभूषा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य कर रही हैं।इक्वाडोर प्रवास के दौरान उन्होंने स्थानीय संस्कृति का भी सम्मान किया और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने की बात कही। उनकी यह पहल भारत-इक्वाडोर संबंधों में नई ऊर्जा का संचार करती नजर आ रही है।धोली मीना की यह उपलब्धि न केवल दौसा बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है और युवाओं के लिए प्रेरणा भी, कि अपनी जड़ों से जुड़े रहकर वैश्विक मंच पर पहचान बनाई जा सकती है।

# नापासर में पुलिस पर स्कॉर्पियो चढ़ाने का प्रयास, एमडी तस्करी से जुड़ा मामला

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले के नापासर थाना क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त के दौरान पुलिस टीम पर स्कॉर्पियो चढ़ाने का प्रयास करने और सरकारी वाहन को टक्कर मारने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस संबंध में नापासर थाने में गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला अवैध नशे की तस्करी जुड़ा हुआ है। पुलिस के अनुसार, सहायक उप निरीक्षक गोकुलचन्द मीणा की ओर से दर्ज करवायी गई रिपोर्ट में बताया कि वे पिछली 13 मई की रात को करीब 10:47 बजे सरकारी बोलेरो वाहन से मय जाब्ता रात्रिकालीन गश्त पर निकले थे। उनके साथ कांस्टेबल कृष्ण कुमार, सरकारी चालक गोरखाराम तथा आवश्यक अनुसंध सामग्री मौजूद थी। गश्त के दौरान जब पुलिस टीम राणीसर की तरफ से नौरंगदेसर बस स्टैंड पहुंची, तभी एक संदिग्ध काले रंग की स्कॉर्पियो आता दिखाई दी। पुलिस ने वाहन को रुकने का इशारा कर जांच करनी चाही, लेकिन स्कॉर्पियो चालक ने कथित रूप से जानबूझकर पुलिस की सरकारी बोलेरो को टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो की चालक साइड की हेडलाइट क्षतिग्रस्त हो गई, बंपर मुड़ गया और पीछे के टायर का मडगार्ड टूट गया। रिपोर्ट में बताया गया कि इसके बाद पुलिसकर्मी वाहन से नीचे उतरकर स्कॉर्पियो को रुकवाने लगे, लेकिन चालक ने गाड़ी पीछे लेकर पुलिस टीम को कुचलने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने साइड में हटकर अपनी जान बचाई। **मुख्य आरोपी हुआ फरार** घटनास्थल पर पीछे होटल की सीढियां और सामने पुलिस की बोलेरो होने के कारण स्कॉर्पियो चालक वाहन भगाने में सफल नहीं हो सका। रात का फायदा उठाकर चालक स्कॉर्पियो छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने स्कॉर्पियो में बैठे दूसरे व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने अपना नाम कैलाश पुत्र रामनाथ निवासी नापासर बताया। पूछताछ में उसने फरार चालक की पहचान रामपाल जाट निवासी शेरेरा के रूप में की और बताया कि वह एमडी का तस्कर है। आरोप है कि फरार होते समय वह एमडी की दो-तीन पुडि़या भी साथ ले गया। **स्कॉर्पियो से मिले 2.90 लाख रुपए** पुलिस ने कैलाश की मौजूदगी में स्कॉर्पियो की तलाशी तलाशी के दौरान वाहन के डैशबोर्ड से दो लाख 90 हजार रु नकद बरामद हुए। रकम के बारे में पूछने पर कैलाश ने बत कि यह रुपए रामपाल जाट के हैं। पुलिस ने राशि को संवि मानते हुए धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त कर लिया। इसके अलावा स्कॉर्पियो वाहन को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज किया गया। वहीं कैलाश को गिरफ्तार कर किया गया, जिसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज** पुलिस ने मामले में आरोपी रामपाल जाट और कैलाश के खिलाफ राजकार्य में बाधा पहुंचाने, जानलेवा हमला करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 109(2), 121(2), 132, 3(5) तथा पीडीपीपी एक्ट के तहत दर्ज किया, जिसकी जांच नापासर थानाधिकारी सुषमा शेखावत कर रही हैं।

## ट्रक की चपेट में आई महिला, कुचले जाने से हुई दर्दनाक मौत

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** बीकानेर जिले में लूणकरणसर कस्बे के वार्ड संख्या 04 में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना श्रीराम कांटे के पास की है, जहां ट्रक का वजन कराने के बाद चालक उसे पार्क करने जा रहा था। इसी दौरान महिला ट्रक की चपेट में आ गई। हादसा इतना भयावह था कि महिला का शव कई हिस्सों में बंट गया।

सामाजिक संस्था टाइगर फोर्स के अध्यक्ष महिपाल सिंह ने बताया कि 55 वर्षीय मोहिनी देवी पत्नी जेठाराम सांसी बाजार से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान अस्थाई पार्किंग में जाते ट्रक के टायरों के नीचे आ गई।

घटना के बाद चालक ट्रक मौने पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव लूणकरणसर उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया ग वहीं पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण, सुजानगढ़ (चूरू)**

Email : xenwdsc.sujangarh@rajasthan.gov.in, piasujangarh@gmail.com

क्रमांक: डब्ल्यूडीएससी.सु./निविदा/2026-27/ दिनांक : .......

**निविदा आमन्त्रण सूचना सं. 06-07/2026-27**

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 अन्तर्गत पंचायत समिति सुजानगढ़ (चुरू) द्वारा 05 दिवसीय कृषि भ्रमण अन्दर जिला (राज्य के भीतर) हेतु खाने-रहने व बस हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। जिसके निविदा प्रपत्र को वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण, सुजानगढ़ (चूरू) में जमा करवा सकते हैं।

1. NIB No.-WSC2627A0235, WSC2627A0236
2. UBN No.-WSC2627SSOB00380, WSC2627SSOB00381

(विशाल भार्गव)
अधिशाषी अभियन्ता
जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण,
सुजानगढ़ (चूरू)


# बुजुर्ग महिला के चांदी के कड़े काटने वाले आरोपीयो की कोर्ट पेशी के दौरान अधिवक्ताओ ने पीटा, सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई तस्वीरें

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** दौसा जिले के बांदीकुई क्षेत्र के गुढाकटला गांव में बुजुर्ग महिला के पैरों से चांदी के कड़े काटने की सनसनीखेज वारदात में बसवा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। गिरफ्तार आरोपियों को बांदीकुई न्यायालय में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने दोनों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महेश प्रजापत निवासी गुढाकटला तथा देवाराम प्रजापत निवासी रूदकानगला, थाना महवा के रूप में हुई है। वहीं मामले में शामिल एक बाल अपचारी को भी हिरासत में लेकर बाल न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस अब आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त उपकरण, अन्य संभावित साथियों तथा आपराधिक नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि गुढाकटला गांव में दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला के पैरों से इलेक्ट्रिक ग्राइंडर से चांदी के कड़े काटने की वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश था और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठ रही थी।इधर, आरोपियों को बांदीकुई न्यायालय में पेश किए जाने के दौरान कोर्ट परिसर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। पेशी के दौरान कुछ अधिवक्ताओं ने आरोपियों की पिटाई कर दी, जिसकी तस्वीरें न्यायालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गईं। फुटेज में अधिवक्ता आरोपियों के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। घटना के बाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एक स्वर में ऐलान किया कि इस तरह की जघन्य वारदात करने वाले बदमाशों की कोई भी अधिवक्ता न्यायालय में पैरवी नहीं करेगा।




**नोटिश मजरिया अदालत अपर जिला न्यायाधीश रतनगढ**

(दफा 21)

**माननीय न्यायालय वरिष्ठ न्यायाधीश महोदय**

**रतनगढ़**

**नं. मु. (41)/11/2020 सन् तारीख पैशी 27.05.2020**

**बजरंग लाल बनाम किरण देवी आदि**

**बनाम : जयश्री पुत्री डालमचन्द बोथरा पत्नी सुनील मनोत पता:-कालीजी का चौक जोगर भवन के पास लाडनूं जिला नागोर (राज.)**

को मालूम हो कि सायल ने एक दरख्वास्त इस अदालत में पेश की है और यह दरख्वास्त इस अदालत में तारीख 27 माह 05 सन् 2026 ई. को पेश होगी। इसलिए यह नोटिस आपके पास भेजकर लिखा जाता है कि आप खुद या वकील द्वारा तारीख मजकूरा वाला हाजिर अदालत हाजा होकर वजह इस अमर की जाहिर करो।

क्योंन प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावे।

**आज्ञा से**

मुहर

**न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, रतनगढ़ (चुरू)**

## ऐसे कैसे पढ़ेगा इंडिया कैसे बढ़ेगा इंडिया

# परीक्षा छोड़ सफाई करने का बनाया दबाव मना करने पर सरकारी शिक्षक ने 11 वर्षीय छात्रों को बेरहमी से पीटा

**रायसिंहनगर (हुक्मनामा समाचार)।** गांव रामजीवाला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरकारी शिक्षक पर दो मासूम छात्रों के साथ बेरहमी से मारपीट करने का गंभीर आरोप लगा है। सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले 11 वर्षीय दो बच्चों को कथित तौर पर लकड़ी की छड़ी और हाथों से जमकर पीटा गया, जिससे बच्चों के शरीर पर चोटों के निशान बन गए।पीड़ित बच्चों के पिता बुधराम बावरी ने आरोप लगाया कि विद्यालय में बच्चों से रोजाना साफ-सफाई का काम करवाया जाता है। पहले भी कई बार हमने इस संबंध में विरोध किया है आज भी शिक्षक शैलेंद्र ने परीक्षा के दौरान बच्चों को कक्षा से उठाकर सफाई करने का दबाव बनाया। जब बच्चों ने परीक्षा छोड़ने से मना किया तो शिक्षक ने गुस्से में आकर दोनों बच्चों की बेरहमी से पिटाई कर दी। परिजनों के अनुसार शिक्षक ने बच्चों को लकड़ी की छड़ी और हाथों से मारा, जिससे बच्चों के कूल्हों और जांघों पर गंभीर निशान बन गए। एक महिला शिक्षक ने बीच-बचाव कर बच्चों को छुड़वाया। स्कूल से घर पहुंचने के बाद बच्चों ने परिजनों को पूरी घटना बताई। जब परिवारजन स्कूल पहुंचे तो वहां मौजूद शिक्षकों ने उनके साथ भी कथित तौर पर बदसलूकी की। परिजनों का आरोप है कि शिक्षकों ने धमकी देते हुए कहा कि यदि बच्चे सफाई नहीं करेंगे तो उन्हें परीक्षा में नंबर नहीं दिए जाएंगे और फेल कर दिया जाएगा।घटना के बाद परिजनों ने दोनों घायल बच्चों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। मामले को लेकर पीड़ित परिवार में आक्रोश का माहौल है और दोषी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग



उठाई है। वहीं मामले पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वंदना शर्मा ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। पूरे प्रकरण की जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पालिका ने इंटे जब्त की कार्यवाही की

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के लिंक रोड पर बिना ईजाजत चल रहे निर्माण की शिकायत करने वाले एक व्यक्ति के घर पर चल रहे कार्य की निर्माण सामग्री की जब्ती की कार्रवाई गत सायं नगरपालिका ने की है।



शिकायतकर्ता गोविंदसिंह ने आरोप लगाया है कि नगरपालिका द्वारा बिना किसी नोटिस के उस पर उक्त कार्रवाई की है, जो गलत है। जबकि उसके पास घर के चल रहे निर्माण कार्य की स्वीकृति नगरपालिका द्वारा दी गई है, जो उसके पास है। वहीं दूसरी ओर ईओ डॉ सहदेव चारण ने बताया कि गोविंदसिंह नाम का व्यक्ति उन्हें बार-बार फोन कर मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष बताते हुए हुए लिंक रोड पर वर्षों पूर्व सरकार द्वारा ऑक्शन की गई जमीन पर चल रहे बिना ईजाजत निर्माण कार्य की लगातार शिकायत कर रहा है। बार-बार शिकायत करने पर पालिका ने लिंक रोड पर चल रहे निर्माण कार्य को रूकवा दिया। वहीं दूसरी ओर शिकायतकर्ता का निर्माण भी नियमानुसार नहीं पाए जाने पर गुरुवार की शाम नगरपालिका प्रशासन ने सामान जब्ती की कार्रवाई करते हुए नियमानुसार निर्माण कार्य करवाने का कहा है। ईओ ने बताया कि निर्माण कार्य में शैडबेक भी नहीं छोड़ा गया है। जब्ती की कार्रवाई के दौरान मौके पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ लग गई।

### मुख्यमंत्री की पहल से गांव-गांव पहुंच रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

## ग्राम रथ अभियान बना ग्रामीणों और सरकार के बीच संवाद का सशक्त माध्यम, गांव-गांव पहुंचे ग्राम रथ

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम रथ अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम रथ पहुंचे और आमजन को राज्य सरकार की योजनाओं, कृषि नवाचारों तथा ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। शुक्रवार को ग्राम रथ जिले के रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जेगणिया बीदावतान, जोगलिया व जैतासर, चूरू विधानसभा क्षेत्र के लोहसना छोटा, बाढ़की, लादड़िया, सिरसली व बरड़ादास, तारानगर विधानसभा क्षेत्र के धोलिया (सेउवा), महलाना उतरादा (महलाना दिखनादा) व बूंगी (खुड्डी), सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र के ढिंगली (सुलखनिया छोटा), सांखणतुमली (सांखणताल) व ददेउ मोहनसिंह (नीमां), सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र के आसपालसर बड़ा, बुकनसर छोटा, उड़सर लोडेरा, जीवणदेसर व मेहरासर चाचेरा, सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के




करेजड़ा (भाषीणा), लिखमणसर (मूंदड़ा) व गेडाप पहुंचे। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने ग्राम रथ का उत्साह से स्वागत किया। गांवों में पहुंचे ग्राम रथों ने एलईडी स्क्रीन, ऑडियो-वीडियो प्रस्तुतियों एवं स्थानीय भाषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी सरल व आसान तरीके से आमजन तक पहुंचाई।

# ग्राम रथों ने गांवों में किया ग्रामीणों से संपर्क, दी योजनाओं की जानकारी

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण अंचलों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में उत्साहपूर्ण और आकर्षक कार्यक्रम हुए। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ इनका लाभ भी लिया जा रहा है। शुक्रवार को रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के 6 एनजेडपी-बी (बाजूवाला), 17 एसडी (सरदारपुरा बीका), सूरतगढ विधानसभा के सरदारपुरा बीका, घमण्डिया, श्रीकरणपुर विधानसभा के 12 एच मोहला,



3 ओ, अनूपगढ विधानसभा के 3 केडी, 1 एसकेएम, श्रीगंगानगर विधानसभा के चूनावढ़, 13 जी छोटी, सादुलशहर विधानसभा के पन्नीवाली, सरदारपुरा जीवन गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। इन गांवों में ग्राम रथ पहुँचते ही ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ उमड पडी। इस दौरान 13 विभागों की प्रमुख योजनाओं का डिजिटल माध्यम से जीवंत प्रसारण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश भी ग्रामीणों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने आमजन से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों ने गीत, भजन और नुक्कड नाटकों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने जहां ग्रामीणों का मनोरंजन किया, वहीं योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया को भी सरल भाषा में समझाया।

## वार्ड संख्या 36 में मोबाइल टावर लगाने का किया विरोध

**रतनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के वार्ड संख्या 36 में एक निजी इंटरनेट कंपनी द्वारा मोबाइल टावर लगाए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मोहल्ले वासियों ने कंपनी पर तानाशाही और जबरन टावर लगाने का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध



प्रदर्शन किया। पूर्व पार्षद राधेश्याम बबेरवाल का कहना है कि कंपनी द्वारा उनकी आपत्तियों को दरकिनार कर टावर का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। विरोध बढ़ता देख दोनों पक्षों को पुलिस थाने बुलाया गया है, जहाँ कंपनी के दस्तावेज़ों और अनापत्ति प्रमाण पत्र की जांच की जाएगी। मोहल्ले वासियों ने तर्क दिया है कि जिस स्थान पर टावर लगाया जा रहा है, उसके पास ही एक छात्रावास है जहाँ बड़ी संख्या में छात्र रहते हैं। इसके अलावा पास में ही मंदिर और रिहायशी इलाका है। स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है कि मोहल्ले में कई ऐसे मरीज़ हैं जो सांस की बीमारी से ग्रसित हैं, मोबाइल टावर से होने वाले विकिरण उनके स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस टावर को आबादी क्षेत्र से हटाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### ग्रामीण महिला महाविद्यालय में छात्राओं को सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान समिति, शिवसिंहपुरा, सीकर द्वारा संचालित ग्रामीण महिला महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा एवं कानून संबंधी जागरूकता के उद्देश्य से व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्याख्यानदाता मुनेशी मीणा ने छात्राओं को विभिन्न सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कहीं भी छेड़छाड़ या किसी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में तुरंत 112, 181, 1089 एवं 1090 नंबरों पर कॉल करें, ताकि समय पर सहायता उपलब्ध हो सके तथा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। उन्होंने छात्राओं को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं पैसों से संबंधित फ्रॉड की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी, जिससे साइबर अपराधों को रोका जा सके। इस अवसर पर संस्थान समिति अध्यक्ष झाबरमल एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने छात्राओं को सतर्क एवं निडर रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुभाग जाखड़ ने छात्राओं को बढ़ते अपराधों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता बताई।

### जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी, सीकर की अपील

# मकानसूचीकरण के दौरान ओटीपी या दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे : जिला कलेक्टर

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सीकर ने भारत की प्रथम डिजिटल जनगणना 2027 के अंतर्गत 1 मई से 15 मई 2026 तक संचालित स्व-गणना अभियान में जिलेवासियों द्वारा दिए गए सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि सीकर जिले ने 1 लाख 66 हजार से अधिक परिवारों की स्व-गणना के साथ सम्पूर्ण राजस्थान में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जनगणना 2011 के तुलनात्मक आंकड़ों के आधार पर यह उपलब्धि अभूतपूर्व है। इस सफलता में सीकर जिले के सम्मानित नागरिकों एवं जनगणना मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके लिए जिले में 5,111 प्रगणक एवं 871 सुपरवाइजर सहित कुल 6,074 प्रशिक्षित कार्मिक नियुक्त किए गए हैं। ये कार्मिक जिले के 4,888 मकान गणना ब्लॉकों के अंतर्गत 1,152 राजस्व ग्रामों, 490 नगरीय वार्डों तथा 09 जनगणना नगरों में प्रत्येक आवासीय एवं गैर-आवासीय इकाई तक पहुंचकर जानकारी संकलित करेंगे। जिला कलेक्टर सीकर आशीष मोदी ने ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रगणक के घर आने पर उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल उपलब्ध करवाएं। साथ ही मकान के उपयोग, उसमें निवासरत परिवारों एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में सही एवं शुद्ध जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों द्वारा उपलब्ध करवाया गया आधारभूत डेटा आगामी दशक की जनकल्याणकारी योजनाओं की आधारशिला बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मकानसूचीकरण प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्थिति में ओटीपी बैंक विवरण, आधार संख्या, पैन कार्ड अथवा किसी भी दस्तावेज की मूल अथवा छायाप्रति नहीं मांगी जाएगी। जनगणना कार्य केवल उत्तरदाता द्वारा प्रदत्त जानकारी एकत्र करने तक सीमित रहेगा।

## एक नजर

### दिन छिपते ही घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी लाइट नहीं होने का चोरों ने उठाया फायदा

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** बयाना में गुरुवार रात सुभाष चौक इलाके में एक अज्ञात बदमाश घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा ले गया। यह पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है। सुभाष चौक स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल की गली निवासी नरेंद्र सिंह मग्गो ने बताया कि गुरुवार रात लगभग 7:45 बजे उनकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी। उसी समय क्षेत्र में बिजली गुल हो गई, जिससे गली में अंधेरा छा गया। अंधेरे का लाभ उठाकर एक नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचा और बाइक का हैंडल लॉक तोड़कर उसे चुरा ले गया। लगभग आधे घंटे बाद जब बाइक गायब मिली, तो परिवार ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची गई। फुटेज में आरोपी बदमाश कपड़े से अपना चेहरा ढंके हुए बाइक ले जाता स्पष्ट दिखाई दे रहा है। कोतवाली थाना प्रभारी रामगिलास गुर्जर ने बताया बाइक चोरी का सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुआ है। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### एसडीएम का अधिवक्ता संघ एवं कार्यालय स्टाफ सदस्यों ने किया अभिनंदन

**चूरू (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड अधिकारी सुनील कुमार का नागौर के मेड़ता सिटी स्थानांतरण होने पर शुक्रवार को उपखण्ड कार्यालय चूरू में अधिवक्ता संघ एवं कार्यालय स्टाफ सदस्यों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील झाझडिया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने एसडीएम सुनील कुमार का साफा, शॉल व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। तहसीलदार अशोक गोरा ने साफा व प्रतिक चिन्ह् भेंट किया। नायब तहसीलदार चुन्नीलाल ने एसडीएम सुनील कुमार के प्रशासनिक कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें एक कर्मठ, मृदुभाषी, संवेदनशील एवं जनहितैषी अधिकारी बताया। तहसीलदार अशोक गोरा ने कहा कि कि उपखंड अधिकारी के रूप में सुनील कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर मतदाता सूचियों के प्रकाशन, ग्राम पंचायतों के वार्डों के पुनर्गठन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित किया। साथ ही उन्होंने 500 से अधिक राजस्व परिवादों का प्रभावी निस्तारण कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुनकर उनका समाधान करना उनकी कार्यशैली की विशेष पहचान रही। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील झाझडिया ने भी सुनील कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा की।

#### करौली-गोवर्धन नई रोडवेज बस सेवा शुरू

### नदबई होकर चलेगी राजस्थान रोडवेज की बस, यात्रियों को मिलेगी सीधी सुविधा

**नदबई (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान रोडवेज द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए करौली से गोवर्धन वाया नदबई नई बस सेवा शुरू की गई है। इस नई बस सेवा के



शुरू होने से नदबई क्षेत्र सहित आसपास के यात्रियों को करौली, हिंडौन और गोवर्धन जैसे प्रमुख स्थानों तक आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। **यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ** नदबई बस स्टैंड प्रभारी मुरारी सिकरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि, नई बस सेवा करौली से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे रवाना होगी। बस शाम करीब 5:30 बजे नदबई पहुंचेगी और यहां से गोवर्धन के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि यही बस अगले दिन सुबह 6 बजे गोवर्धन से रवाना होकर करीब 7 बजे नदबई पहुंचेगी। इसके बाद बस करौली की ओर जाएगी। **धार्मिक यात्रियों को भी होगी सहूलियत** नई बस सेवा शुरू होने से विशेष रूप से धार्मिक यात्राओं पर जाने वाले श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। गोवर्धन और ब्रज क्षेत्र जाने वाले यात्रियों को अब सीधी बस सुविधा मिलने से सफर आसान और सुविधाजनक हो जाएगा।

### कवि साहित्यकार नागराज शर्मा का विप्र समाज द्वारा अभिनंदन स्वागत

**पिलानी (हुक्मनामा समाचार)।** कवि नागराज शर्मा का ब्राह्मण महासभा राजस्थान प्रदेश के तत्वाधान मे राजस्थानी भाषा के ऊपर बड़ी सफलता अर्जित होने पर ब्राह्मण समाज के गणमान्य जनों के द्वारा राजस्थानी भाषा के ऊपर साहित्य में अलख जगाने की अहम भूमिका निभाते हुए साहित्यकार नागराज जी शर्मा निज निवास पिलानी मे आज ब्राह्मण समाज झुंझुनू के तत्वाधान में पिलानी मे अभिनंदन स्वागत किया गया इस अवसर पर साहित्यकार कवि नागराज शर्मा को शोल दुपट्टा श्रीफल माल्यार्पण के द्वारा पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन स्वागत करते हुए ब्राह्मण समाज के गणमान्य जनों की विशाल उपस्थिति में पवन शिवचरण जी पुरोहित, महेश जी बसावतिया, कवि नगेद्र शर्मा चिड़ावा, सामाजिक कार्यकर्ता पवन तिवारी, मूर्तिकार मातुराम वर्मा, मुदुल, पिलानी पब्लिक स्कूल अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जोशी वरिष्ठ पत्रकार कैलाश पति रुथला की उपस्थिति में गो भक्त धर्मअनुरागी साहित्यकार विमला देवी शर्मा एवं नागराज शर्मा का सम्मान कर सभी विप्रजन अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहे थे।

#### प्रिंस के धाकड़ खिलाड़ियों का दबदबा

### फेडरेशन कप में राजस्थान ने मारी बाजी, छह सितारों ने दिखाया दम

**सीकर (हुक्मनामा समाचार)।** हैदराबाद में आयोजित 6वीं फेडरेशन कप मिक्स्ड नेटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेकंड



रनरअप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में सीकर के प्रिंस एजुहब के छह खिलाड़ियों ने राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व किया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से टीम को यह उपलब्धि दिलाने में अहम भूमिका निभाई। प्रिंस एजुहब के प्रिंस चौधरी, निर्भय सिंह, निलय बाजिया, नवीन चौधरी, कनिष्क और जिज्ञासा मीणा ने पूरे टूर्नामेंट में अपने खेल का जलवा बिखेरा। इन युवा खिलाड़ियों ने जिस जुनून और कौशल के साथ मैच खेले, उसने न सिर्फ टीम को सेकंड रनरअप बनाया बल्कि पूरे देश में सीकर और राजस्थान का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रिंस एजुहब के चेयरमैन डा. पीयूष सुण्डा, प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल और प्रिंसिपल पूनम चौहान ने विजेता खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रिंस एजुहब के छात्र अब हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं और यह संस्थान के लिए गर्व की बात है।

**राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव**

## ऊर्जा की बचत ही है ऊर्जा उत्पादन का सबसे बड़ा और बेहतर विकल्प

# ईंधन के संयमित उपभोग की आदत से ही प्रशस्त होगी आत्मनिर्भरता की राह-मुख्यमंत्री

### पेट्रोल-डीजल की बचत है सामूहिक जिम्मेदारी

### सौर ऊर्जा उत्पादन में हम अव्वल, ऊर्जा प्रदाता राज्य बनेगा राजस्थान







**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन का सबसे सस्ता, प्रभावी और स्थायी विकल्प है। संसाधनों के विवेकपूर्ण और संयमित उपभोग की आदत ही ऊर्जा आत्मनिर्भरता की राह को प्रशस्त करेगी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान आज सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और आने वाले समय में ऊर्जा प्रदाता राज्य के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करेगा। गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के विकास की असीम संभावनाओं के साथ प्रदेश हरित ऊर्जा क्रांति का केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रप्रथम की भावना पर आधारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ईंधन की एक-एक बूंद बचाने के मंत्र को अपनाते हुए सरकार ने राजकीय वाहनो के सीमित और संयमित उपयोग और ऊर्जा संरक्षण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

**अक्षय ऊर्जा में राजस्थान स्थापित कर रहा प्रतिमान :** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि भारत वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के साथ ही, वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य भी प्राप्त करेगा। राजस्थान सरकार इस लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रही है। राज्य में 828 गीगावाट सौर ऊर्जा और 284 गीगावाट पवन ऊर्जा की संभावनाएं हैं। अब तक राज्य में 47 गीगावाट से अधिक की अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है और राजस्थान सौर परियोजना स्थापना में देश में अग्रणी है। हमारी सरकार के कार्यकाल में 24 हजार 410 मेगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता की वृद्धि हुई है।

**ग्रीन एनर्जी, ई-मोबिलिटी की तरफ बढ़ा रहे मजबूत कदम** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषि विद्युत भार को सौर ऊर्जा के माध्यम से पूरा करने के लिए कुसुम योजना के अंतर्गत लघु सौर परियोजनाएं कृषि भूमि पर स्थापित की जा रही हैं।

#### ईवी से पहुंचे मुख्यमंत्री, ईंधन बचत का दिया संदेश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक व्हीकल से पहुंचे और ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का सशक्त एवं प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन की बचत जनभागीदारी से जुड़ा एक व्यापक जनआंदोलन है। पेट्रोल-डीजल की बचत समय की आवश्यकता है और स्वच्छ एवं वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाकर ही भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों का समाधान संभव है।

#### निवेशकों से आह्वान - पधारो म्हारे देश

उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप राजस्थान को ऊर्जा का पावरहाउस बनाने में भागीदारी निभाने की अपील की। साथ ही, उन्होंने कहा कि निवेश की दृष्टि से भी राजस्थान देश के सबसे अनुकूल राज्यों में शामिल है। सरकार उद्योगों और निवेशकों को हर संभव सहयोग एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रगतिशील नीतियों का ही परिणाम है कि राज्य में सौर, पवन, बायो ऊर्जा, पंप स्टोरेज और ग्रीन हाइड्रोजन की परियोजनाओ में निवेश के प्रस्ताव मिले हैं, जो कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था के लिए एक नए युग की शुरुआत है।

---

**खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय का बड़ा एक्शन**

## अनसेफ मिलने पर 4 खाद्य पदार्थों के विक्रय, वितरण एवं डिस्पले पर प्रतिबंध

### *24 खाद्य पदार्थों के नमूने अनसेफ मिलने पर फर्मों के लाइसेंस निलंबित*

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में संचालित 'शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार' अभियान के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई अमल में लायी जा रही है।

विगत मार्च एवं अप्रेल माह के दौरान खाद्य सुरक्षा दलों द्वारा जिलों में लिए गए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूनों के संदर्भ में जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों की रिपोर्ट के अनुसार पैक्ड खाद्य पदार्थ असुरक्षित (अनसेफ) पाए गए हैं। अनसेफ पाए गए खाद्य पदार्थों के राज्यभर में वितरण, विक्रय एवं प्रदर्शन (डिस्प्ले) पर आगामी दो माह के लिए प्रदेशभर में प्रतिबंध लगाया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदेशभर में आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 'शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार' अभियान संचालित किया जा रहा है। खाद्य प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर बीकानेर, जयपुर एवं ग्वालियर की 4 फर्मों के कुछ खाद्य पदार्थों के वितरण, विक्रय एवं प्रदर्शन पर आगामी दो माह के लिए प्रोहिबिशन आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आमजन को सलाह दी जाती है कि इन खाद्य पदार्थो की खरीदारी करने से बचें।

#### इन 4 उत्पादों को किया प्रतिबंधित–

खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि बीकानेर की पापड़ निर्माता फर्म हैप्पी, पूजा पापड़ भंडार बीकानेर, मैसर्स बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड, बीकानेर की आल इन वन नमकीन (कुछ-कुछ) बैच नंबर के26सी81126, डबरा (ग्वालियर) की किचन किंग निर्माता फर्म के रोस्टेड चना एवं सावित्री फूड झांसी रोड, की निर्माता फर्म-अनु मिल्क प्रोडक्ट्स लिमिटेड, वीकेआईए, जयपुर के घी-बिलोना बैच नंबर 029 नामक पदार्थों के प्रोहिबिशन आदेश जारी किए गए है। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यापारी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 46(4) की निर्धारित अवधि में पुनः जांच हेतु अपील करने के उपरांत रेफ़रल प्रयोगशाला की रिपोर्ट अनसेफ प्राप्त होने या धारा 46(4) की अवधि में अपील नहीं करने पर इन खाद्य पदार्थों के रिकॉल की प्रकिया अमल में लाई जाएगी।

---



## केंद्र सरकार की एसएएससीआई पहल के तहत राज्य को 11 हजार करोड़ रुपए तक की ब्याज मुक्त सहायता

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिववी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में केंद्र सरकार की 'स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट (एसएएससीआई) 2026-27' तथा 'फाइनेंशियल असिस्टेंस फॉर पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर 2026-27' के राजस्थान से सम्बंधित मुद्दों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके अंतर्गत राजस्थान को लगभग 11 हजार करोड़ रुपए तक का 50 वर्ष के लिए ब्याज मुक्त ऋण सहायता प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस सहायता राशि का उपयोग राज्य में 5 करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक लागत वाली पूंजीगत परियोजनाओं एवं आधारभूत विकास कार्यों के लिए किया जा सकेगा, जिससे राज्य में विकास गतिविधियों को नई गति मिलेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि एसएएससीआई राज्य के कैपिटल एक्सपेंडिचर सघनता वाले प्रोजेक्ट्स के लिए किसी वरदान से कम नहीं है तथा इसके माध्यम से आधारभूत संरचना निर्माण, आर्थिक गतिविधियों के विस्तार एवं भविष्य की उत्पादक क्षमता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विभागों को गुणवत्तापरक मानकों की प्राप्ति, समयबद्ध क्रियान्वयन तथा केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित रिफॉर्म्स एवं माइलस्टोन को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि 'फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व' आधार पर जारी की जाती है, इसलिए सभी विभाग लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा परियोजनाओं एवं आवश्यक विवरणों की शीघ्र अपलोडिंग करें।

---

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भिवाड़ी में प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का किया उद्घाटन**

### 6 गुना वृद्धि के साथ इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 13 लाख करोड़ रूपये पहुंची-अश्विनी वैष्णव

## राजस्थान में निवेश को मिल रहा निरन्तर प्रोत्साहन-भजनलाल शर्मा





### भिवाड़ी में एल्सीना इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, 34 एमएलडी एसटीपी एवं खैरथल-तिजारा के विभिन्न विकास कार्यों का वीसी के माध्यम से किया शिलान्यास-लोकार्पण



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हर क्षेत्र में प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। गत दो वर्षों से अधिक समय में 35 नीतियों को लागू कर राज्य सरकार ने अनुकूल औद्योगिक वातावरण का निर्माण किया है, जो कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान 2047 की ओर महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में सिरमौर बनाने के क्रम में पवन और सौर ऊर्जा सहित अक्षय ऊर्जा की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से भिवाड़ी में एल्सीना इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, 34 एमएलडी एसटीपी एवं खैरथल-तिजारा जिले के विभिन्न विकास कार्यों सहित अन्य परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) द्वारा हरियाणा के रास्ते दिल्ली से जोड़ने की परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। वहीं, यमुना जल समझौते के तीव्र क्रियान्वयन के साथ ही, सरकार अलवर के निकट बांदीकुई में एक बड़े इण्डस्ट्रीयल एरिया की स्थापना भी करने जा रही है। उन्होंने भिवाड़ी में सेमीकंडक्टर क्लस्टर का जिक्र करते हुए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ग्राम और वार्ड के सुनियोजित विकास के लिए विकसित ग्राम-वार्ड अभियान की दूरगामी पहल की है। इसके अन्तर्गत राज्य सरकार सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण और आवश्यकताओं को समाहित करते हुए गांवों के विकास का ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण युवाओं की सुविधाओं के दृष्टिगत पंचायत स्तर पर अटल ज्ञान केन्द्र खोलने का अहम निर्णय भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन आंकाक्षाओं के अनुरूप राज्य सरकार ने बिजली-पानी की आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में, रामजल सेतु लिंक परियोजना, आईजीएनपी एवं गंगनहर का सुदृढ़ीकरण, माही, देवास एवं सोम-कमला-अंबा परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं, 24 जिलों में किसानों को दिन के समय में बिजली आपूर्ति की जा रही है।

केन्द्रीय रेल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर्स एक महत्वपूर्ण इंडस्ट्री है। आज भारत में 12 सेमीकंडक्टर प्लांट हो गये हैं और विभिन्न उपकरणों की चिप्स का निर्माण हो रहा है। राजस्थान का नाम भी इस इंडस्ट्री से जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में देश ने गत 12 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है। आज भारत में 6 गुना वृद्धि के साथ इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 13 लाख करोड़ रूपये पहुंच गई है। वहीं, मोबाईल भारत से निर्यात होने वाली पहली नम्बर की कमोडिटी बन गई है।

---



## ज्ञान भारतम् मिशन पांडुलिपि सर्वे की मासिक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई आयोजित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कला साहित्य एवं संस्कृति विभाग की उप शासन सचिव डॉ अनुराधा गोगिया ने शुक्रवार को प्राचीन ग्रंथों एवं पाण्डुलिपियों के सर्वे के कार्य के लिए राजस्थान के समस्त जिला नोडल अधिकारियों की ज्ञान भारतम् मिशन पांडुलिपि सर्वे की मासिक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कर सर्वे में प्रगति लाये जाने हेतु निर्देश प्रदान किए। पांडुलिपि सर्वे के सुनियोजित नियोजन और कार्यान्वन के लिए राजस्थान के समस्त जिला नोडल अधिकारीयों को संस्कृत विषय से सम्बंधित सर्वेयर लगाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये है। इसके लिए राजस्थान में नियुक्त सर्वेयर द्वारा विश्वविद्यालय, पुस्तकालयों, मंदिरों मठों और निजी संस्था संस्थाओं एवं निजी पांडुलिपि धारकों के साथ समन्वय स्थापित कर पांडुलिपियों का सर्वे किया जाएगा 'हर घर दस्तक' अभियान सहित जन जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने के लिए भी निर्देशित किया गया। ज्ञान भारतम् मिशन योजना के तहत हस्तलिखित पांडुलिपियों और सदियों पुराने दस्तावेजों को संरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके ज्ञान के खजाने का उपयोग करने के लिए किये गये कार्य में आम जनता का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। ज्ञान भारतम मिशन द्वारा बनाये गए ऐप में लोगों द्वारा ऐप डाउनलोड कर उनके पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों से संबंधित सूचना ऐप में दर्ज की जाएगी।

---

### सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में 'जीरो टॉलरेंस'

## अनियमितताओं के मामलों में कठोर कार्यवाही रहेगी जारी-डॉ. समित शर्मा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक की मंशा के अनुरूप सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा ने कठोर कार्यवाही करते हुए टोंक जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार के तत्कालीन महाप्रबंधक करूणेश कुमार सोनी को सेवा से बर्खास्त किया है। जांच में करोड़ों रुपये के गबन, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, अनधिकृत भुगतान तथा संस्थान को आर्थिक क्षति पहुंचाने जैसे गंभीर मामले प्रमाणित पाये जाने पर यह कार्यवाही की गई है।

वर्ष 2012-13 से 2015-16 के दौरान टोंक जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार में वित्तीय लेन-देन में बड़े स्तर पर अनियमितताएं सामने आई थी। जांच में लगभग 4.80 करोड़ रुपये की अमानत राशि के गबन एवं दुरुपयोग के आरोप प्रमाणित पाए गए। साथ ही, बैंक खातों से नकद राशि के कपटपूर्वक आहरण तथा अनधिकृत व्यक्तियों को भुगतान कर भण्डार को गंभीर आर्थिक हानि पहुंचाने, भण्डार को शास्ति की हानि पहुंचाने, विभिन्न व्यक्तियों व संस्थाओं से अमानतें प्राप्त कर भण्डार की लेखा पुस्तिकाओं में इन्द्राज नहीं किए जाने, राशि का षड़यंत्रपूर्वक अपहरण कर भण्डार की साख को हानि पहुंचाने, कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने तथा राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने के आरोप भी प्रमाणित पाये गए। इस पर सख्त रूख अपनाते हुए राजस्थान सिविल सर्विसेज (क्लासिफिकेशन कन्ट्रोल एंड अपील) नियम 1958 के नियम 16 के तहत करूणेश कुमार सोनी का सेवा से निष्कासन किया गया है। वर्ष 2015 में प्रकरण प्रकाश में आने के बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। इसके बाद विभागीय स्तर पर विस्तृत जांच प्रारंभ की गई। मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पुलिस द्वारा आरोप पत्र भी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध लगाए गए चारों प्रमुख आरोप प्रमाणित माने गए। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि संबंधित अधिकारी द्वारा अपने प्रशासनिक एवं वित्तीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण संस्था को आर्थिक एवं प्रशासनिक दोनों स्तरों पर नुकसान उठाना पड़ा। विभागीय जांच प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों का परीक्षण, बैंक रिकॉर्ड का सत्यापन तथा संबंधित पक्षों की व्यक्तिगत सुनवाई की गई।

---

### पंचकुला में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड स्वर्ण जयंती समारोह

## बीबीएमबी में राजस्थान को स्थाई सदस्य बनाए जाने का आग्रह

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड का स्थापना दिवस (स्वर्ण जयंती समारोह) शुक्रवार को पंचकुला के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित हुआ। समारोह में जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड अपनी स्थापना (15 मई 1976) से राजस्थान, पंजाब और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के मध्य जल वितरण, सिंचाई प्रबंधन और जल-विद्युत प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रावत ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के 13 जिले पेयजल व सिंचाई के लिए रावी-ब्यास-सतलुज नदी प्रणाली के जल पर ही निर्भर है। विगत दशकों से इस परियोजना ने राजस्थान के मरु प्रदेश को हरा-भरा बनाने और आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

---

**नीट-2026 पेपर लीक**

### *डोटासरा का भाजपा पर तीखा हमला*

## बड़े मगरमच्छों को बचाने के लिए राजस्थान में क्यों नहीं दर्ज हुई एफआईआर ?



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान नीट-2026 परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। डोटासरा ने आरोप लगाया कि पेपर लीक मामले में गिरफ्तार भाजपा पदाधिकारी बड़े नेताओं के नाम ले रहा है, लेकिन उन्हें बचाने के लिए जांच की दिशा मोड़ी जा रही है। डोटासरा ने सवाल उठाया कि जब सीकर के लोगों ने पुलिस को पेपर लीक की पुख्ता जानकारी दी, तो 9 दिनों तक राजस्थान में एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई? उन्होंने कहा कि राजस्थान का पेपर लीक कानून केंद्र से दस गुना मजबूत है, जिसमें आजीवन कारावास और 10 करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। भाजपा नेताओं को बचाने के लिए ही मामला दर्ज करने में देरी की गई, जिसके बाद अभ्यर्थियों ने सीधे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को साक्ष्य ईमेल किए।

## रायसर ग्राम पंचायत में पहुंची ग्राम रथ यात्रा

# आमजन को मिल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी : विमला वर्मा



**जमवारामगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पंहुचाने व आम जन की समस्याओं को सुनने के उद्देश्य से आयोजित ग्राम रथ यात्रा कार्यक्रम के तहत ग्राम रथ यात्रा व संध्या चौपाल का आयोजन शुक्रवार दिनांक 15 मई को पंचायत कार्यालय रायसर पर शाम 3 बजे से 6 बजे तक किया गया ।

कार्यक्रम मे विकास योजनाओं का एलईडी वैन के माध्यम से प्रसारण किया गया । कार्यक्रम में जमवारामगढ विधायक महेन्द्र पाल मीना ने राज्य सरकार की विकास योजनाओं व उपलब्धियों से आम जन को संबोधित किया कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत रायसर रामकिशन माली ,बहलोड सुदाराम गूर्जर,देवीतला सरपंच रामनारायण मीना, भाजपा कार्यकर्ता मूलसिंह ,लालचंद शर्मा ,सीताराम रायसर ,जगदीश ठेकेदार , ग्राम विकास अधिकारी रायसर शानू सैनी माथासूला रामप्रहलाद मीना ,देवीतला बहलोड रामफूल मीना उपस्थित रहे व सहायक कृषि अधिकारी महेशचंद तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी विमला वर्मा तथा पशु चिकित्साधिकारी महावीर चावला तथा सहायक विकास अधिकारी महावीर स्वर्णकार ने विभागीय योजनाओ की जानकारी दी ।

प्रशासक रायसर रामकिशन माली ने सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ साथ हरियालो राजस्थान मे पेड लगाने व स्वच्छता कार्यक्रम मे सहयोग का आह्वान किया।

## विद्यालय को आरो सहित वाटर कूलर भेट



**भुसावर ( हुक्मनामा समाचार )।** विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके इसको ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत मुख्यालय इटावा के निवासी शिक्षाविद सेवानिवृत्त उप प्राचार्य राजेश मीणा ने स्थानीय बैंक ऑफ़ बडौदा शाखा इटामडा के सहयोग से शाहिद वीरेंद्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इटामडा को आर ओ प्लांट सहित वाटर कूलर लगाए जाने में अहम भूमिका निभाई है इस वाटर कूलर में आर ओ प्लांट भामाशाह राजेश मीना ने सहयोग करते हुए वाटर कूलर बैंक ऑफ़ बडोदा ने दिया है। वाटर कूलर से बच्चों को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल मिल सकेगा इसके लिए सभी विद्यालय परिवार में भामाशाह एवं बैक आफ बडोदा ब्रांच मैनेजर का आभार व्यक्त किया है! इस अवसर बार विद्यालय परिवार के भरतलाल, शेर सिंह, संतोष कुमार, बबलेश, सुमीता, अमरतारा, सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## बजाज समूह के 100 वर्ष

# स्वतंत्रता संग्राम से वैश्विक पहचान तक का सफर




**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुंबई में बजाज समूह ने अपने 100 वर्ष पूरे होने पर भव्य शताब्दी समारोह आयोजित किया।

148 बिलियन डॉलर मार्केट कैप वाला यह समूह आज हर तीन में से एक भारतीय घर तक अपनी सेवाएं पहुंचा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजाज समूह की राष्ट्र निर्माण, रोजगार, नवाचार और सामाजिक विकास में भूमिका की सराहना करते हुए इसे 'विकसित भारत 2047' का महत्वपूर्ण भागीदार बताया। स्वतंत्रता सेनानी एवं उद्योगपति जमना लाल द्वारा 1926 में स्थापित समूह आज 100 से अधिक देशों में कारोबार कर रहा है।

समारोह में परिवार की स्वतंत्रता आंदोलन से वैश्विक औद्योगिक पहचान तक की यात्रा को प्रस्तुत किया गया तथा सामाजिक समावेशन, नवाचार और युवाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया गया।

## नोखा बाईपास पर अनाज से भरी पिकअप पलटी, टायर फटने से हुआ हादसा

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** नोखा बाईपास पर शुक्रवार को अनाज के कट्टों से भरी एक पिकअप अचानक पलट गई। बताया जा रहा है कि चलती पिकअप का टायर फटने से चालक संतुलन खो बैठा, जिससे वाहन सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पिकअप में भरे अनाज के कट्टे सड़क पर बिखर गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर चालक की मदद की। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान मे बालिकाऐ बने ब्रांड एंबेसडर : डा मित्तल

**पदमपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पीएम श्री राजकीय कन्या विद्यालय जिला कलेक्टर के निर्देशन अनुसार ब्लॉक बीसीएमओ डॉ मुकेश मित्तल में छात्राओं व अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण अभियान के प्रति के जागरुक कर बालिकाओं को ब्रेड एंबेसडर के रूप में आगे आने का आवाहन किया। डॉ मुकेश मित्तल ने एचपीवी वैक्सीन के महत्व और इससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी और कहा कीआप घबराएं नहीं अफवाहों से दूर रहकर राष्ट्र हित में अपनी जिम्मेदारी निभाए , एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में अहम भूमिका निभाती है। वैक्सीन से कोई भी पात्र किशोरिया वंचित न रहे इसके लिए प्रत्येक छात्र को अपने गांव में आसपास के क्षेत्र की अन्य किशोरियों को प्रेषित कर समय पए टीकाकरण के लिए सुनिश्चित करवाएं। प्राचार्य पुष्पा पांडे ने कहा कि हम सब का दायित्व बनता है कि हम सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैल रही भ्रांतियों और अफवाहों पर ध्यान न दें, बल्कि लोगों तक सही और वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाएं। सरकार द्वारा यह अभियान पूरी सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप चलाया जा रहा है।

## चोरों ने मंदिर को भी नहीं बक्शा, दानपत्र से ले उड़े रूपये



**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले के हदां थानान्तर्गत एक मंदिर में चोरों ने सैंधमारी करते हुए दानपत्र में रखी नकदी ले उड़े।मिली जानकारी के अनुसार सियाणा स्थित भैरव मंदिर में मंदिर की दीवार फांदकर आएं अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखे दो दानपात्रों के ताले तोड़े और इसमें रखे नकदी भी चुरा ले गये। इसके अलावा चोरों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी तोड़कर अपने साथ ले गये।साथ ही एक चांदी का छत्तर भी चुरा लिया।सूचना के बाद हदां पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना किया। इसको लेकर पुजारी भैरूसिंह ने हदां थाने में परिवाद दिया है।जिसमें बताया है कि देर रात की यह घटना है। इससे पहले भी चोरों ने कई बार मंदिर को निशाना बनाते हुए यहां सामान चुराया है।फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।इस दान पेटी में जमा राशि का उपयोग मंदिर की व्यवस्थाओं सफाई,चौकीदार,बिजली,पानी के लिये किया जाता है। अब इसमें कितना रूपये जमा होगा। इसका अंदाज नहीं है।

## एलिवेटेड पुलिया निर्माण की मांग को लेकर व्यापारियों का धरना, आश्वासन के बाद 7 दिन के लिए स्थगित

**सिकंदरा ( हुक्मनामा समाचार )।** सिकंदरा चौराहा पर प्रस्तावित बंद पुलिया के स्थान पर एलिवेटेड (पिलर) पुलिया निर्माण की मांग को लेकर संयुक्त व्यापार संघ सिकंदरा के नेतृत्व में व्यापारियों ने धरना एवं प्रदर्शन किया। धरने में क्षेत्र के सैकड़ों व्यापारी व स्थानीय नागरिक शामिल हुए और अपनी समस्याएं प्रमुखता से रखीं। धरना स्थल पर पहुंचे दौसा सांसद मुरारीलाल मीना तथा सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल ने व्यापारियों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि विकास कार्य जनता और व्यापारियों की सहमति से ही होने चाहिए। उन्होंने समस्या के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। संयुक्त व्यापार संघ सिकंदरा के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन में कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ, विशम्बर बासड़ा, धारासिंह बासड़ा, प्रभुदयाल, विश्राम, जगदीश प्रधान, रंगलाल बासड़ा सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे। व्यापार संघ द्वारा सांसद व विधायक को मांग पत्र सौंपा गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के चेयरमैन से वार्ता एवं सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद व्यापारियों ने आंदोलन को फिलहाल 7 दिनों के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं बाल विकास आयोग

# संस्था 11 निराश्रित बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए करेगा पहल

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं बाल विकास आयोग(रजि.) संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद जांगिड़ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 17 मई 2026 को राजस्थान के उदयपुर स्थित कुम्भा सभागार प्रताप गौरव केन्द्र में 11 निराश्रित बच्चों के लिए पहल करेगा । साथ ही 31 सेवाभावी लोगों का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा उधोगपति पंकज शंकर कुलरिया होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में राज्य मंत्री रामगोपाल सुथार , राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष धर्मिष्ठा गज्जर, उदयपुर लोकसभा सांसद मन्ना लाल रावत , अतिरिक्त आयोग जीएसटी कस्टम दिल्ली दिनेश सारंग, राजस्थान फाउंडेशन , दुबई चेप्टर के अध्यक्ष अमराराम जांगिड़, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद सैनी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, पूर्व विशेष सचिव उत्तर प्रदेश विधानसभा सीपी शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री (अ.भा.जा.ब्रा.महासभा, दिल्ली) के अनिल.एस.जागीड़ मौजूद रहेंगे। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद जांगिड़ ने विज्ञप्ति में कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस वर्ष समारोह में 12 से अधिक राज्यों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

आयोजन का मुख्य आकर्षण संस्था द्वारा गोद लिए गए 11 निराश्रित बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए उठाए जाने वाले विशेष कदम होंगे। इसके साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 31 ऐसी महान विभूतियों को 'राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

इसी कड़ी में पिछले पांच सालों से सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में जिला प्रशासन के साथ मिलकर बाल संरक्षण अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी खास भूमिका निभाई है।

ये शाम मस्तानी म्यूजिकल फाउंडेशन रजि .जयपुर संस्था के संस्थापक गणेशमल सुथार एवं संस्था के बीकानेर शाखा के संरक्षक बैंक कर्मचारी नेता एवं आर्ट कला प्रेमी सुनील दत्त नागल इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

## हाहाकार के बाद अब राहत

# विरोध और 181 पर शिकायत का असर, घर-घर पहुंचने लगा सिलेंडर

**सीकर ( हुक्मनामा समाचार )।** लंबे इंतजार, एजेंसी पर लंबी कतारों और उपभोक्ताओं की परेशानियों के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीकर द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन और 181 पोर्टल पर लगातार शिकायतों का बड़ा असर देखने को मिला है। अब आम उपभोक्ताओं के घर तक समय पर गैस सिलेंडर पहुंचने लगा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीकर ने आमजन की मुश्किलों को लेकर लगातार आवाज उठाई थी। आंदोलन के बाद विक्रम गैस सर्विस की कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। अब एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर-घर सिलेंडर डिलीवरी कर रहे हैं। साथ ही एजेंसी द्वारा रात्रि लगभग 10:30 बजे तक कार्यालय खुला रखकर उपभोक्ताओं से संपर्क किया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश सैनी ने कहा, 'हमारा उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि आम जनता को समय पर सिलेंडर दिलवाना और एजेंसियों पर लगने वाली लंबी कतारों से राहत दिलाना था। खुशी है कि अब पहले जैसी अव्यवस्था खत्म हुई है।' हालांकि, यदि फिर भी किसी उपभोक्ता को समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा है या कोई समस्या होती है, तो वे राजस्थान सरकार के 181 ऑनलाइन शिकायत पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज करा सकते हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीकर ने साफ किया है कि वह आगे भी उपभोक्ताओं के अधिकारों के लिए संघर्षरत रहेगी।

# एक सप्ताह पहले तक 25 रुपए किलो तक बिकने वाले तरबूज 10 से 12 रुपए किलो बिक रहा

## खैरथल मंडी में तरबूज और खरबूज के दामों में गिरावट



**खैरथल ( हुक्मनामा समाचार )।** लगातार बढ़ रहे तापमान के बीच लोगों को राहत देने वाले सीजनल फलों की मंडी में बंपर आवक हो रही है। खासकर ताइवानी तरबूज और खरबूज की भरपूर सप्लाई के चलते इनके दामों में एक सप्ताह के भीतर 10 से 15 रुपए प्रति किलो तक की गिरावट दर्ज की गई है। फल कारोबारियों नवीन,नरेश कुमार,संजय कुमार, ब्रह्मदास और सज्जन मल ने बताया कि खैरथल मंडी में प्रतिदिन 50 टन से अधिक ताइवानी तरबूज और खरबूज पहुंच रहे हैं।

आवक बढ़ने से एक सप्ताह पहले तक 20 से 25 रुपए किलो बिकने वाले खरबूज अब 12 से 15 रुपए किलो तक बिक रहे हैं। वहीं तरबूज के भाव घटकर 10 से 12 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। इसी प्रकार पहले 70 रुपए किलो तक बिकने वाला सफेदा आम अब 40 से 50 रुपए किलो के भाव में उपलब्ध है।

कारोबारियों के अनुसार आम की आवक गुजरात और हैदराबाद से हो रही है, जबकि तरबूज और खरबूज की सप्लाई अब स्थानीय स्तर पर भी बड़े पैमाने पर शुरू हो गई है। इससे मंडी में स्टॉक भरपूर बना हुआ है और कीमतों में तेजी से गिरावट आई है।

**कम पानी में बेहतर उत्पादन दे रहा है ताइवानी तरबूज**

किसानों के अनुसार ताइवानी तरबूज का बीज ताइवान का है और इसकी खेती किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रही है। किसान कैलाश चौधरी और विक्रम सिंह ने बताया कि ड्रिप सिस्टम से इसकी खेती करने पर 50 से 60 प्रतिशत तक कम पानी में अच्छी पैदावार मिल जाती है। इससे मजदूरी, समय और लागत तीनों की बचत होती है।

किसानों का कहना है कि ताइवानी तरबूज स्वाद में देसी तरबूज से अधिक मीठा होता है तथा इसमें पानी कम व मिठास ज्यादा होती है।

## पलाना हादसे के बाद फूटा गुस्सा, ग्रामीणों ने किया हाईवे जाम



**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर शहर के निकट पलाना गांव में शुक्रवार दोपहर को हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। पलाना बस स्टैंड के पास एक ट्रेलर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया, जिससे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए हाईवे जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पलाना बस स्टैंड के पास लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक स्पीड ब्रेकर या अन्य सुरक्षा उपाय नहीं किए गए। इसी मांग को लेकर ग्रामीण धरने पर बैठ गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से समझाइश के प्रयास शुरू किए। खबर लिखे जाने तक देर शाम तक जाम हटवाने और स्थिति को शांत कराने की कोशिशें जारी रहीं थीं।

## पीबीएम अस्पताल में सुविधाओं का होगा विस्तार, विधायक निधि से 15 लाख की स्वीकृति

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से पीबीएम राजकीय अस्पताल के ट्रोमा सेंटर स्थित ओ.बी.आर.सी. ( ऑर्थोबाइलोजिकल रिसर्च क्लिनिक) में विभिन्न विकास कार्यों हेतु 15 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिक संसाधनों के विस्तार के लिए यह कार्य महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी तथा शोध एवं उपचार कार्यों को भी मजबूती मिलेगी। ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज डॉ. बी.एल. खजोतिया एवं ओ.बी.आर. क्लिनिक प्रभारी डॉ. अजय कपूर ने इस स्वीकृति के विधायक जेठानंद व्यास का आभार जताते हुए कहा कि इ ओबीआरसी रिसर्च क्लिनिक में आधुनिक सुविधाओं विस्तार होगा तथा मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध करवाई जा सकेगी। ओ.बी.आर.सी. क्लिनिक प्रभारी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अजय कपूर ने बताया कि जारी स्वीकृति पत्र के अनुसार इस राशि से रिसर्च क्लिनिक में निर्माण कार्य, आवश्यक उपकरण, फर्नीचर, बिजली फिटिंग, लॉजिस्टिक्स सहित अन्य विकास कार्य करवाए जाएंगे। कार्य की क्रियान्वयन एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग को बनाया गया है। साथ ही डॉ कपूर ने बताया कि प्रदेश भर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सबसे पहले यहां खोले गए ओ.बी.आर.सी. क्लिनिक में विभिन्न जिलों से मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं और उनका रिजल्ट भी बहुत अच्छा और प्रोत्साहित करने वाला है।

## फुलेरा में महिला सुरक्षा अभियान: फब्तियां कसने वाले तीन मनचले गिरफ्तार



**फुलेरा ( हुक्मनामा समाचार )।** महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जयपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'महिला सुरक्षा संकल्प अभियान' के तहत फुलेरा कस्बे में बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने सादा वर्दी में रेलवे स्टेशन, सरकारी स्कूल व कॉलेज के आसपास डिकॉय ऑपरेशन चलाकर महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले तीन मनचलों को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद के निर्देशन में 14 मई को यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्ङ्घष्टङ्ख बृजमोहन के सुपरविजन में संचालित किया गया। मानव तस्करी विरोधी यूनिट, कालिका पेट्रोलिंग टीम सांभरलेक व फुलेरा पुलिस की संयुक्त टीम ने खेल ग्राउंड व रेलवे स्टेशन क्षेत्र में निगरानी की।

इस दौरान कुछ युवक राह चलती महिलाओं व छात्राओं पर फब्तियां कसते मिले। पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने वाले तीन युवकों रोहित, इंद्रजीत सैनी व मोहम्मद रफीक को पकड़कर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियान के दौरान महिलाओं व छात्राओं को राजकॉप सिटीजन एप, स्ह्रस् फीचर तथा महिला हेल्पलाइन 1090 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। जयपुर ग्रामीण पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार अचानक अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दौसा मेडिकल कॉलेज को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा तहत आधुनिक उपकरणों की सौगात

**दौसा ( हुक्मनामा समाचार )।** पंडित नवल किशोर शर्मा मेडिकल कॉलेज दौसा में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक दौसा द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण प्रदान किए गए।इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज को मैनुअल माइक्रोटोम, हॉट एयर ओवन, टिश्यू फ्लोटेशन बाथ एवं रेफ्रिजरेटर जैसी आवश्यक लैब सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान कार्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## चुनाव हुए सम्पन्न

**बीकानेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील बीकानेर शहर एवं ग्रामीण की महासमिति ओर चुनाव शुक्रवार को सरस्वती कुंज,सुदर्शना नगर ,बीकानेर में निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी जिलाध्यक्ष आनंद पारीक ओर चुनाव पर्यवेक्षक यतीश वर्मा ओर सुभाष आचार्य थे। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन ओर उसके बाद शहर मंत्री ओर ग्रामीण मंत्रीगण द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी साझा की। शहर अध्यक्ष अजय भाटी, मंत्री अजीज खान, सभाध्यक्ष राजेश यादव, उप सभाध्यक्ष पवन सेन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौतम जाजड़ा,उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल,कोषाध्यक्ष आनंद सिंह,महिला मंत्री सुबोध हर्ष चुनी गई। इसी तरह ग्रामीण इकाई के लिए भी सभी पदाधिकारियों का चयन बिना किसी प्रतिद्वंद्विता के हुआ जिलाध्यक्ष आनंद पारिक ने बताया कि बीकानेर तहसील अध्यक्ष शराफत अली,मंत्री टिंमकु देवी, कोषाध्यक्ष शौकत अली,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद,उपाध्यक्ष फिरोज खान,संगठन मंत्री बसंती जैन,प्रचार मंत्री बलदेव ओझा,महिला मंत्री नीलम रानी,शारीरिक शिक्षा प्रतिनिधि भवानी शंकर निर्वाचित हुए।सभी ने इनका स्वागत किया। चुनाव अधिकारियों ने सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# 372 लंबित पदों की नियुक्ति को लेकर रीट अभ्यार्थी 13 दिनों बाद धरने से उठे, सीएम के नाम एसडीएम को सोपा ज्ञापन

**बयाना (हुक्मनामा समाचार)।** रीट भर्ती 2018 के एमबीसी वर्ग के 372 लंबित पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर बयाना के पीलूपुरा शहीद स्मारक स्थल पर चल रहा धरना-प्रदर्शन शुक्रवार दोपहर स्थगित हो गया। यह आंदोलन पिछले 13 दिनों से जारी था। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम दीपक मित्तल को सौंपा। ज्ञापन में अभ्यर्थियों ने बताया कि वे पिछले सात वर्षों से इन पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उनका आरोप है कि गुर्जर आंदोलन के बाद सरकार ने एमबीसी वर्ग के बैकलॉग के 372 पदों पर नियुक्ति का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन इस दिशा में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। रीट अभ्यर्थी निर्भान महरावर, अरुण तिघरिया और राजवीर सिंह ने बताया कि गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष भूरा भगत की पत्नी के निधन और पांचना बांध पर आयोजित होने वाली समाज की महापंचायत के कारण धरना स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 23 मई को गुर्जर आरक्षण बलिदान दिवस के अवसर पर पीलूपुरा शहीद स्मारक स्थल पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। इस सभा में रीट भर्ती के लंबित 372 पदों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। समाज की आगामी बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर ही आगे की रणनीति तय की जाएगी। धरना स्थल पर




एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत, बयाना सदर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह और पंचायत समिति के सहायक अभियंता नरेंद्र सिंह गुर्जर सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

खाजूवाला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## एक किलो से ज्यादा डोडा पोस्त चूरा सहित आरोपी पकड़ा

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के सीमावर्ती खाजूवाला क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाजूवाला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध डोडा पोस्त चूरा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 475 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद किया है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज ओमप्रकाश और बीकानेर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में जिलेभर में 'ऑपरेशन नीलकंठ' अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनवारी लाल मीणा तथा खाजूवाला वृताधिक अमरजीत चावला के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेन्द्र कु प्रजापत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

बीकानेर में फिर कटी खेजड़ी

## पर्यावरण प्रेमियों और बिश्नोई समाज ने किया विरोध

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** शुक्रवार को बीकानेर में एक बार फिर खेजड़ी का पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। इस बार गंगाशहर क्षेत्र स्थित जैन मंदिर और केदारनाथ मंदिर के पास खेजड़ी का पेड़ काटने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी और बिश्नोई समाज के लोग मौके पर पहुंच गए तथा विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। पर्यावरण प्रेमियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा खेजड़ी सहित पर्यावरण संरक्षण को लेकर जारी लिखित आदेशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। उनका कहना है कि सरकारी संरक्षण के बावजूद लगातार खेजड़ी के पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। मौके पर पा लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बिजली विभाग और उ सरकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में खेजड़ी का पेड़ काटा गया जो बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने प्रशासन से दोषियों खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। पर्यावरण प्रेमियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शहर और आसपास के क्षेत्रों में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई नहीं रोकी गई तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेजड़ी केवल एक पेड़ नहीं बल्कि राजस्थान की पर्यावरणीय और सांस्कृतिक पहचान है, जिसकी रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। घटनास्थल पर मोखराम धारणिया, निर्मल बिश्नोई, जगदीश खिलेरी, हरीश माल, मनीराम सियाग, मोतीराम सियाग सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे। मामले को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा बनी हुई है।

# सिकंदरा में फ्लाईओवर विवाद को लेकर व्यापारियों का धरना, बाजार बंद



**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के सिकंदरा कस्बे में एनएच-21 पर प्रस्तावित क्लोज फ्लाईओवर निर्माण के विरोध में संयुक्त व्यापार संघ के बैनर तले व्यापारियों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप कस्बे के बाजार पूर्ण रूप से बंद रहे और व्यापारियों ने सिकंदरा चौराहे पर टेंट लगाकर एलिवेटेड फ्लाईओवर निर्माण की मांग उठाई।धरना-प्रदर्शन के दौरान एक विशेष राजनीतिक दृश्य भी देखने को मिला, जब भाजपा विधायक विक्रम बंशीवाल और कांग्रेस सांसद मुरारी लाल मीना एक ही मंच पर नजर आए।

दोनों जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा और क्लोज फ्लाईओवर के बजाय एलिवेटेड फ्लाईओवर की मांग को आगे बढ़ाया जाएगा।संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष जयसिंह घुरेया ने कहा कि क्लोज फ्लाईओवर बनने से हजारों व्यापारियों की आजीविका प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि यदि बाजार क्षेत्र बंद हुआ तो व्यापार ठप हो जाएगा, जबकि एलिवेटेड फ्लाईओवर से यातायात भी सुचारू रहेगा और व्यापार भी सुरक्षित रहेगा।धरना स्थल पर व्यापारियों ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर एलिवेटेड फ्लाईओवर की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि सात दिनों में सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।इस मौके पर मुरारी लाल मीना ने कहा कि वे व्यापारियों के साथ हैं और क्लोज फ्लाईओवर नहीं बनने दिया जाएगा। वहीं विक्रम बंशीवाल ने बताया कि उन्होंने पहले ही केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर इस समस्या के समाधान की मांग की है।धरने में बड़ी संख्या में व्यापारी, स्थानीय नागरिक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद रहे। पूरे दिन बाजार बंद रहने से कस्बे में आंदोलन का व्यापक असर देखने को मिला।

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने खाजूवाला में एनएफएसए लाभार्थियों से किया संवाद

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के 35 हजार से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए का लाभ त्याग किया, जिससे अब तक 25 हजार से अधिक वास्तविक जरूरतमंदों को खाद्य सुरक्षा मिल सकी है। खाद्य मंत्री ने शुक्रवार को खाजूवाला की जाट धर्मशाला में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर लगभग एक दशक पूर्व अनेक लोगों ने स्वेच्छा से उज्ज्वला योजना का लाभ त्याग किया था। उसके बाद यह देशभर में चला दूसरा अभियान है जिसमें 82 लाख से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए का लाभ छोड़ा है। इसके बाद अब तक 83 लाख पात्र लोगों को इसका लाभ दे दिया गया है।

गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गिव अप अभियान की शुरुआत नवंबर 2024 में हुई। इसके लिए उन्होंने प्रदेश के सभी 41 जिलों में बैठकें करते हुए अभियान की समीक्षा की। अभियान का एक ही उद्देश्य था कि कोई भी जरूरतमंद इस लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि देश के गृह मंत्री अमित शाह ने अभियान की प्रशंसा की और कहा कि देश के अन्य राज्यों में ऐसा अभियान चलाया जाना चाहिए। गोदारा ने कहा कि गिव अप अभियान में बीकानेर जिला प्रदेश के टॉप थ्री जिलों में शामिल रहा। खाजूवाला के लोगों ने स्वेच्छा से लाभ छोड़ने में तत्परता दिखाई, जिससे वास्तविक पात्रजनों को लाभ मिल सका है। वर्तमान में खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के दौरान प्रदेश में रसोई गैस सप्लाई में कोई परेशानी नहीं आई। प्रदेश के राशन डीलर्स को अब समय पर उनका कमीशन मिलने लगा है। खाद्य मंत्री ने कहा कि लूणकरणसर विधानसभा में पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, नहरी तंत्र सुदृढ़ीकरण सहित सात महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। पहली बार एक लूणकरणसर में पेयजल सुदृढ़ीकरण के 130 करोड़ के कार्य हो रहे हैं। क्षेत्र में 20 जीएसएस स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से अधिकतर बन गए हैं। पहली बार किसानों को दिन में बिजली मिलने लगी है। स्कूलों में सौ करोड़ रुपए की लागत से कक्षा कक्ष बन रहे हैं। पहली बार 55-55 लाख रुपए की लागत से 33 उप स्वास्थ्य केंद्र भवन बनकर तैयार हुए हैं।

## महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में स्थापित होगा भारतीय खेल प्राधिकरण का प्रशिक्षण शिविर

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** केन्द्रीय कानून एवं विधि मंत्री भारत सरकार अर्जुनराम मेघवाल के अथक प्रयासों से बीकानेर के खिलाड़ियों की बहु.प्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय खेल प्राधिकरण का एक्सीलेंस सेन्टर स्थापित होने जा रहा है। आज 15.05.2026 को भारतीय खेल प्राधिकरण की टीम ने दौरा किया। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इण्डोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, साईकिल वैलोड्रम, मेजर किशन सिंह शूटिंग रेंज का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के लिए उपयोगी बताया। भारतीय खेल प्राधिकरण युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय है, जो देश में खेलों के विकास और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। एसएआई द्वारा खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल संस्थानों को निम्नलिखित प्रमुख सुविधाएं प्रदान की जाती हैं: प्रशिक्षण केंद्र एवं अवसंरचना राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र : दिल्ली, पटियाला, बेंगलुरु, कोलकाता सहित 23 केंद्रों में ओलंपिक खेलों के लिए विश्वस्तरीय प्रशिक्षण। क्षेत्रीय केंद्र: 15 क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से जमीनी स्तर पर प्रतिभा पहचान एवं प्रशिक्षण। खेल विज्ञान सुविधाएं: बायोमैकेनिक्स, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी, न्यूट्रिशन, फिजियोथेरेपी और रिहैब सेंटर। वित्तीय एवं आवासीय सहायता टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम : शीर्ष खिलाड़ियों को 50,000 रु-माह स्टाइपेंड + विदेशी प्रशिक्षण व उपकरण। खेलो इंडिया छात्रवृत्ति: प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को 6.28 लाख रु-वर्ष तक की सहायता। नि:शुल्क आवास, भोजन एवं शिक्षा: / में चयनित खिलाड़ियों के लिए पूर्णत: नि:शुल्क व्यवस्था। कोचिंग एवं शिक्षा पटियाला: एशिया का सबसे बड़ा खेल कोचिंग संस्थान। डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स। अंतरराष्ट्रीय कोच: विदेशी विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर टूर। डुअल करियर प्रोग्राम: खिलाड़ियों के लिए खेल के साथ-साथ शैक्षणिक सहयोग। विशेष योजनाएं महिला खिलाड़ियों के लिए: विशेष हॉस्टल, महिला कोच व फीमेल हेल्थ मॉनिटरिंग। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए: पैरा खेलों के समर्पित केंद्र, उपकरण एवं कोचिंग। ग्रामीण प्रतिभा: खेलो इंडिया के तहत ब्लॉक स्तर पर प्रतिभा खोज अभियान। अत्याधुनिक उपकरण एवं तकनीक हाई परफॉर्मेंस एनालिसिस, वीडियो रिव्यू सिस्टम, वेदर सिमुलेटर, एंटी-डोपिंग लैब।

## कुण्डल सीएचसी में ड्यूटी के दौरान महिला डॉक्टर से बदसलूकी, अभद्रता व धमकी के आरोप

**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के कुण्डल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में ड्यूटी के दौरान महिला चिकित्सक के साथ अभद्रता, धमकी और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता चिकित्सक डॉ. अल्का मीणा ने कोलवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 14 मई 2026 को डॉ. अल्का मीणा सीएचसी कुण्डल में अपनी ड्यूटी पर कार्यरत थीं, इसी दौरान नवल किशोर गुर्जर नामक व्यक्ति कथित रूप से शराब के नशे में अस्पताल परिसर में पहुंचा। आरोप है कि आरोपी ने चिकित्सक के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बदतमीजी की तथा राजकार्य में बाधा उत्पन्न की।रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और ट्रैक्टर से टक्कर मारने की बात कही, जिससे चिकित्सक अत्यधिक भयभीत एवं मानसिक तनाव में आ गई।पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने कथित रूप से कहा— 'मैं गुर्जर हूं, तुम मीना हो, तुम्हें नौकरी करना सिखा दूंगा,' तथा जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया, जिससे अस्पताल परिसर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के बाद अस्पताल स्टाफ में भय और आक्रोश का माहौल देखा गया।इस मामले को लेकर चिकित्सक ने कोलवा थाना कोलवा में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है।थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (क्र्हस्) की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत भी प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की सीसीटीएनएस पर एफआईआर दर्ज कर विधिवत जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## देशनोक में दो पक्षों में विवाद, नगरपालिका के पास हुई मारपीट

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** देशनोक नगरपालिका के पास शुक्रवार दोपहर दो पक्षो के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ देशनोक थाने में परस्पर मुकदमे दर्ज करवाए हैं। सुमन शेखावत ने बताया कि देशनोक निवासी मोडाराम मेघवाल ने सात लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में प्रकाश, कैलाश, सीताराम, जगदीश, रमेश पुत्र खियाराम, अनोप पुत्र बाबूलाल तथा पप्पू पुत्र ओमाराम पर शराब के नशे में मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। परिवादी ने आरोपियों पर 5 हजार रुपये नगद छीनने का आरोप भी लगाया है। वहीं दूसरी ओर प्रकाश पुत्र खियाराम ने मोडाराम तथा उसके बेटे मुकेश, मदन, सुखाराम और भतीजे रामलाल के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है।

## राजस्थानी भाषा को राजकीय एवम् निजी विद्यालय में विषय के रूप में फैंसला देने के लिए आभार :- राजकुमार जीनगर

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा नेता राजकुमार जीनगर ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को राज्य के सभी राजकीय और निजी विद्यालयों में राजस्थानी भाषा को एक विषय के रूप में कराने व राजस्थानी भाषा को स्थानीय और क्षेत्रीय भाषा के रूप में उचित दर्जा दिये जाने के सम्बन्ध में दिया गया।

## गेहूं के समर्थन मूल्य में लक्ष्य बढाने एंग बारदाना की उपलब्ध करवाने की मांग की किसानों ने

**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** धान मंडी में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर अक्सर सवाल उठाते रहे हैं कि किस तरह से प्रभावशाली लोग नियमों को ताक पर रख रहे हैं । जी के एस की और में किसान अध्यक्ष रिछपाल सिंह मक्खासर, लखविंदर सिंह , एम एस सिद्धू ,मोहित , हैप्पी सिंह , सुखदेव सिंह., जसवंत सिंह , प्रगट सिंह ,बिन्द्र सिंह , गुरजोत सिंह, कुलविंदर सिंह व तीनों व्यापार मंडल अध्यक्ष बहादर चंद नारंग , विजय कालड़ा ,खुशवंत सिंह संधू ,राजेंद्र सिंगल सहित अन्य किसानों के नेतृत्व में मंडी सचिव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर बताया कि एक सप्ताह से गेहूं का खरीद लक्ष्य पूरा होने के कारण पूरे गंगानगर जिले में गेहूं की खरीद बन्द पड़ी है। राज्य सरकार द्वारा कल जो जिले का गेहूं खरीद का कोटा बढ़ाया गया है वह ऊंट के मुंह में जीरे वाली बात है क्योंकि अभी जिले में लगभग 50 प्रतिशत गेहूं खरीद होना बकाया है। जिले का खरीद लक्ष्य कम से कम दो लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाये जाने की मांग जिला कलेक्टर से की ताकि सभी किसानो के गेहू की खरीद हो सके। यदि उक्त गंभीर विषय पर सरकार ने तुरंत प्रभावी कदम नहीं उठाये तो मजबूरन किसानो को सडकों पर उतरना पडेगा ।

# राजस्थान में राजस्थानी भासा पढ़ावण रो शंखनाद, बीकानेर रै निजी विद्यालय री ऐतिहासिक अर लूंठी पहल

**बीकानेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में राजस्थानी भाषा को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बीकानेर के एक निजी विद्यालय ने ऐतिहासिक पहल करते हुए राजस्थानी भाषा शिक्षण का शंखनाद कर दिया है। श्रीरामसर रोड़ स्थित संत सांईनाथ पब्लिक स्कूल में 'हरख-उच्छब' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को प्राथमिक स्तर पर राजस्थानी भाषा पढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने बताया कि दो दिन पूर्व भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा राजस्थान की 12 करोड़ जनता की वर्षों की मांग को वाजिब ठहराते हुए राजस्थान सरकार को आदेश जारी किया गया कि स्कूल और कॉलेज स्तर पर क्रमबद्ध रूप से राजस्थानी भाषा को विषय के रूप में पढ़ाया जाए। इस हेतु न्यायालय ने राजस्थान सरकार को 30 सितम्बर तक का समय भी दिया है। इस समाचार से सारे राजस्थानी प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इसी क्रम में बीकानेर की संत सांईनाथ पब्लिक स्कूल के सचिव डॉ. नमामीशंकर आचार्य ने अभिभावकों की त्वरित मांग को सुनकर विद्यालय में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर राजस्थानी विषय को पढ़ाने की घोषणा की।

शाला सचिव ने अपने उद्बोबधन में कहा कि जब तक सरकार की ओर से इस हेतु कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता तब तक विद्यार्थियों को राजस्थानी भाषा ऐच्छिक विषय के रूप में हमारे विद्यालय में पढ़ाई जाएगी। जिसके अंतर्गत राजस्थानी शब्द, संस्कृति, साहित्य एवं संस्कारों का अध्ययन करवाया जाएगा। कक्षा 5वीं से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों को राजस्थानी व्याकरण का ज्ञान भी करवाया जाएगा। इसके लिए छात्र छात्राओं को विद्यालय में 'विद्यार्थी राजस्थानी व्याकरण' पुस्तक भी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुधा आचार्य ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि यह विद्यालय राजस्थान का पहला विद्यालय होगा जिसमें बच्चों को राजस्थानी विषय पढाया जाएगा। इसके साथ आपने कहा कि बच्चों को साल में एक बार राजस्थानी ड्रेस एवं लोक गीत कॉम्पीटिशन का आयोजन भी करवाना चाहिए जिससे बच्चों के मन में अपनी संस्कृति के प्रति स्हेन भाव जागृत हो। इस अवसर पर मोट्यार परिषद के डॉ. गौरीशंकर प्रजापत ने कहा कि विद्यालय में राजस्थानी भाषा को पढ़ाना अपने-आप में बड़े गर्व की बात है और विशेष तौर पर यहां के अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहूंगा जो अपने बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ना चाहते हैं। मोट्यार परिषद के जिलाध्यक्ष हिमांशु टाक ने कहा कि बच्चों का अपनी मायड़ भाषा के प्रति प्रेम भाव को देखकर लगता है कि अब समय दूर नहीं कि इस भाषा को भारत सरकार जल्द ही संविधान की 8वीं



अनुसूचि में शामिल कर लेगी। कवि राजाराम स्वर्णकार ने कहा कि हमें राजस्थानी भाषा के साथ सभी विषयों को भी अच्छे से पढ़ना होगा ताकि हमारा र्स्वांगीण विकास हो सके। राजेश चौधरी ने कहा कि अब राज्य सरकार को इस हेतु कोई ठोस कदम उठाना चाहिए तथा जल्द ही राजस्थानी भाषा को राज्य की दूसरी राजभाषा घोषित कर देनी चाहिए। सुधा आचार्य द्वारा किए गये शंखनाद के साथ शाला सचिव डॉ. नमामीशंकर आचार्य ने विद्यालय में राजस्थानी भाषा पढ़ाए जाने की उद्घोषणा की जिसका कार्यक्रम में आए सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि करके साथ दिया

। इस अवसर पर राजेन्द्र जोशी ने राजस्थानी पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को तीन वर्षों तक राजस्थानी की पुस्तकें, कॉपी और पेंसिल अपनी ओर से देने की घोषणा की। प्रधानाध्यापक भवानीशंकर आचार्य ने सबका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमारा दायित्व होगा कि हम अपनी मायड़ भासा से सभी बच्चों को जोड़ेगे और उन्हें अपनी संस्कृति से अवगत करवाएंगे। कार्यक्रम में मोट्यार परिषद के राजूनाथ, पप्पूसिंह के अलावा प्रहलाद पुरोहित, सुनीता आचार्य, ममता सुथार, अंशु शर्मा, नंदिनी व्यास, भास्कर आचार्य, गुंजन गिरी, चंचल, भावना आचार्य, किरण भाटी, हरीश शर्मा, दिव्या राजपुरोहित, ज्योतिका सेवग, विष्णु सांखला के अलावा अनेक मौहल्लेवासियों तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## मेदांता के विशेषज्ञों ने रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से किडनी कैंसर के उपचार में नई उम्मीद जगाई है

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राकेश एक व्यस्त जीवन जी रहे थे, जहां वे अपने काम और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस भागदौड़ में, वे अक्सर अपनी सेहत की अनदेखी कर देते थे। लेकिन एक दिन, उनकी पत्नी और बच्चों के लगातार अनुरोध पर, 48 वर्षीय राकेश ने अंतत: नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला किया। परिणामों ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया – परीक्षणों से पता चला कि उनकी बाईं किडनी में एक छोटा ट्यूमर है, जो अंग की रक्त आपूर्ति के बेहद करीब स्थित है। कई मरीज सर्जरी के एक दिन के भीतर चलने-फिरने में सक्षम हो जाते हैं और कुछ हफ्तों के भीतर धीरे-धीरे सामान्य गतिविधियों में लौट आते हैं। डॉ. अहलूवालिया ने सर्जरी के बाद रिकवरी केयर के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'मरीजों को पर्याप्त पानी पीना चाहिए, पौष्टिक भोजन करना चाहिए, धूम्रपान और शराब से परहेज करना चाहिए और अपने डॉक्टरों की सलाह के अनुसार धीरे-धीरे शारीरिक गतिविधि बढ़ानी चाहिए।